राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13, अंक : 117, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 12 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

जमीन अधिग्रहण अनियमितता में आया मुख्य सचिव के बेटे का नाम, आतिशी ने जांच की शुरू .... पेज 03

पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे प्रभु श्रीराम, माता सीता और भइया लक्ष्मण .... पेज 05

ओलंपिक क्वालिफायर के लिए तैयार सविता पूनिया, कहा- खुद पर है भरोसा .... पेज 07

**विश्व रिकॉर्ड**



पूज्य संतों के आशीर्वाद व प्रदेश वासियों के सहयोग से 'राममय' अयोध्या में इस वर्ष भी सर्वाधिक दीप प्रज्वलन का विश्व रिकॉर्ड स्थापित हुआ है।

# अयोध्या ने बनाया नया कीर्तिमान

## 22.23 लाख दीपों से जगमगाई राम की नगरी



अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या ने नया कीर्तिमान बनाते हुए दीपोत्सव 2023 में 22.23 लाख दीप प्रज्वलित किए। पिछली वर्ष 2022 में प्रज्वलित 15.76 लाख दीपों से इस बार यह संख्या लगभग छह लाख 47 हजार अधिक रही।

ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत दीपोत्सव ने नया कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस 'भव्य दीपोत्सव' को देखा और अंततः एक साथ एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलन को विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया।

कीर्तिमान रचने में राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व इससे जुड़े महाविद्यालयों के शिक्षक, इंटर कॉलेजों के शिक्षक व छात्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं की बड़ी भूमिका रही।

दीप प्रज्ज्वलन का नियत समय शुरू होते ही श्री राम जय राम जय जय राम के जाप के साथ एक-एक कर 22.23 लाख दीप जलाए गए। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों द्वारा कीर्तिमान रचने की घोषणा के साथ ही पूरी अयोध्या जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से ड्रोन की गणना के उपरांत एग्जीक्यूटर स्वप्निल दंगारीकर व कन्सल्टेंट निश्चल बरोट द्वारा जैसे ही यह जानकारी दी गई।इससे पहले विगत वर्ष भी दीप प्रज्ज्वजन का कीर्तिमान रचा गया था।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से प्रमाण पत्र सौंपे जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समूची अयोध्या का अभिवादन किया। 54 देशों के राजनयिक भी इसके साक्षी बने।

उन्होंने भी इस अविस्मरणीय, अद्भुत उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हृदय से शुभकामनाएं दीं।

गौरतलब है कि 2017 में अयोध्या में 1.71 लाख, 2018 में 3.01 लाख, 2019 में 4.04 लाख, 2020 में 6.06 लाख व 2021 में 9.41 लाख, 2022 में 15.76 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड बना। इस बार 22.23 लाख दीप प्रज्जवलित किया गया। योगी सरकार में हर वर्ष बढ़ते दीपों के साथ प्रदेश व देश की समृद्धि बढ़ती गई।

### राम मंदिर से पहले ही सरयू तीरे जलाए गए आस्था और आत्मीयता के दीप

अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय...कल्पनातीत सौंदर्य।22.23 लाख दीपों से जगमगाती रामनगरी को जिसने भी देखा, अपलक निहारता ही रह गया। प्रभु श्रीराम की नगरी के वासी हों, श्रद्धालु हों या भारत के सुदूर कोने-कोने से आए सैलानी, सभी अवधपुरी के कण-कण, रज-रज में अपने राम को निहार रहे थे यानी हर ओर गुंजायमान रहा राम, सब में राम, जय जय श्रीराम। शनिवार को पड़े इस सातवें दीपोत्सव पर प्रभु के भक्त संकटमोचक हनुमान जयंती से भी भक्ति में लीन अवधपुरी में यह आयोजन अद्वितीय हो गया। सभी के मन में इस बार अलग ही उमंग, उत्साह व उल्लास रहा, क्योंकि 500 वर्षों का संघर्ष समाप्त हो गया। सिर्फ 72 दिन और शेष हैं, इसके बाद 22 जनवरी 2024 को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। अयोध्या दीपोत्सव में शनिवार को आस्था, आह्लाद और आत्मीयता के दीप जले। श्री राममन्दिर निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। इसके पहले सहज आह्लाद के साथ आत्मीयता के भावों को संजोए हुए आराध्य प्रभु के प्रति आस्था निवेदित करते हुए सरयू तीरे जल रहे 22.23 लाख दीपों के बीच निहाल श्रद्धालुओं का हर्ष, उमंग और अनुभूति हर कोई महसूस कर रहा था। सहज भाव से हो रहे राम राम जय राजा राम जय सिया राम सियावर रामचन्द्र की जय जयघोष के साथ सरयू की लहरों में उठती तरंगें देख, ऐसा लगता था कि मानो सरयू मैया भी अपने राम की जयकार कर रही हों। दीपोत्सव के लिए पूरी अवधपुरी को सजाया गया था।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को कर रहा साकार दीपोत्सव : योगी

अयोध्या। अयोध्या को धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर शीर्ष स्थान दिलाने के संकल्प को दोहराते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भगवान श्रीराम की नगरी में दीपोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर रहा है।

योगी ने कहा कि अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में विकसित करने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पबद्ध है। आज अयोध्या में जितने पर्यटक आ रहे हैं, उससे दस गुना ज्यादा पर्यटक आगामी मकर संक्रांति और 22 जनवरी 2024 को भव्य राममंदिर के उद्घाटन के बाद यहां आने लगेंगे।

इसलिए अयोध्यावासी अभी से अतिथि देवो भव- के संकल्प के साथ जुड़ जाएं और उस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें।

रामकथा पार्क में आयोजित दीपोत्सव के अवसर पर उन्होने प्रभु श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण के वंदन अभिनंदन एवं प्रतीकात्मक राज्याभिषेक कार्यक्रम के उपरांत कहा कि 2017 में जब दीपोत्सव का कार्यक्रम यहां प्रारंभ हुआ था तक अयोध्यावासियों में उत्साह के साथ तमन्ना भी दिखती थी। एक नारा गूंजता था कि 'योगी जी एक काम करो, मंदिर का निर्माण करो...।' आज 500 वर्षों के बलिदानों, आंदोलनों, अभियानों के उपरांत प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं।

# श्रीनगर की डल झील में हाउसबोट जले, 3 की मौत

## मृतक बांग्लादेश के टूरिस्ट, डीएनए टेस्ट से की जाएगी पहचान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में प्रसिद्ध डल झील पर पांच हाउसबोट में शनिवार सुबह आग लग गई। हादसे में तीन बांग्लादेशी टूरिस्ट की जलकर मौत हो गई। अधिकारियों ने यहां बताया कि शनिवार को टूरिस्ट के शव झील के घाट नौ के पास जले हुए हाउसबोट के मलबे से निकाले गए।



पुलिस ने कहा कि जान गंवाने वाले तीन टूरिस्ट में अनिन्दया कौशल, मोहम्मद मोइनुद और कोई दास गुप्ता थे। ये सभी बांग्लादेश के थे। वे हाउसबोट सफ़ीना पर ठहरे थे, जो आग में जलकर खाक हो गया।

आग ने हाउसबोट के साथ लगी झोपड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि हीटिंग उपकरण में खराबी के कारण तड़के एक हाउसबोट में आग लग गई। आग ने आसपास के चार और हाउसबोटों को भी चपेट में ले लिया।

### डीएनए सैंपल लिए

अधिकारियों ने कहा कि पीड़ितों की पहचान करने के लिए उनके डीएनए सेंपल लिए गए। हाउसबोट संचालकों के रिकॉर्ड के अनुसार वे बांग्लादेश से थे और उनमें एक महिला भी शामिल थी। अधिकारियों ने कहा कि शवों को सौंपने से पहले पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के डीएनए सेंपल के जरिए उनकी पहचान की जाएगी। सुबह करीब सवा पांच बजे लगी आग में करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों, फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी सर्विस की कोशिशों से आग पर काबू पा लिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर के सीनियर डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद ऐजाज और पर्यटन विभाग के सीनियर अधिकारियों ने हादसे वाली जगह का दौरा किया और जल गए हाउसबोटों को फिर से बनाने में हर संभव मदद का भरोसा दिया।

### केसीसीआई ने की मदद की मांग

कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने भी आग की घटना पर दुख जताया। केसीसीआई के अध्यक्ष जावीद अहमद टेंगा ने एक बयान में स्न्न के नेतृत्व वाले जम्मू-कश्मीर प्रशासन से नुकसान का आकलन करने और पीड़ितों के पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए नैतिक मदद और मुआवजा देने का आग्रह किया।

# गुरुग्राम में तेल टैंकर ने कार-पिकअप को मारी टक्कर : 4 लोगो की मौत

## स्विफ्ट में आग लगने से 3 लोग जिंदा जले, ड्राइवर फरार

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में दिल्ली जयपुर हाईवे पर सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। यहां तेज रफ्तार तेल टैंकर ने कार और पिकअप वैन को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि कार में आग लग गई। जिससे कार में सवार 3 लोग जिंदा जल गए। वहीं पिकअप के ड्राइवर की भी हादसे में मौत हो गई। घटना गुरुग्राम जिले के सिधरावली गांव के करीब रात 11 बजे हुी। तेज रफ्तार तेल टैंकर जयपुर से आ रहा था। तभी वह डिवाइडर को तोड़ते हुए जयपुर की



ओर जाने वाली लाइन में घुस गया।

### कार में सीएनजी सिलेंडर थे

इस दौरान जयपुर की ओर जा रही कार से टैंकर टकरा गया। इसके बाद टैंकर ग्रिल तोड़ते हुए सर्विस लेन में जा पहुंचा और सामने से आ रही पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्विफ्ट कार में सीएनजी सिलेंडर होने के चलते आग लगी।

### हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर भागा

सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग और पुलिस की टीम पहुंची, लेकिन आग पर काबू पाने से पहले ही 3 लोग उसकी चपेट में आ चुके थे। वहीं हादसे के बाद तेल टैंकर का ड्राइवर भाग गया। पुलिस उसे पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# तमिलनाडु के थिरुपाथुर में दर्दनाक सड़क हादसा, पांच लोगों की मौके पर मौत

थिरुपाथुर (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में दो बसों की टक्कर में कम से कम 5 लोगों की मौत हुई है. हादसे में 60 लोगों के घायल होने की भी खबर है. घायलों को तिरुपत्तूर जिले के वानीयंबाडी सरकारी अस्पताल और वेल्लोर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के मुताबिक, शनिवार को सुबह-सुबह चेन्नई-बेंगलुरु नेशनल हाइवे पर सरकारी बस और अन्य बस की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, दोनों बसों का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. अधिकारी ने बताया है कि पुलिस ने मौके पर दस एम्बुलेंस के जरिए घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की थी. पुलिस के मुताबिक, मृतकों में 32 साल की रितिका, वानियमबाड़ी के 37 मोहम्मद फिरोज, एसईटीसी बस चालक के. एलुमलाई और चित्तूर के बी अजित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑम्निबस चालक एन सैयद ने बाद में दम तोड़ दिया. एक पुलिस अधिकारी ने कहा, दुर्घटना सुबह करीब 4 बजे हुई. सरकारी बस और ऑम्निबस के टकराने से लोगों की मौत हो गई।

### मोदी ने प्रसिद्ध तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन के निधन पर जताया शोक

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन गारू के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रसिद्ध तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन गारू के निधन से गहरा दु:ख हुआ। वह सिनेमा जगत की एक महान हस्ती थे। उनके सशक्त अभिनय और अनूठे करिश्मे ने पीढ़ियों तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उनके जाने से रचनात्मक जगत में एक खालीपन आया है, जिसे भरना कठिन होगा।

# राजस्थान में बच्ची से रेप का आरोपी एसआई बर्खास्त

## बच्ची की मां ने आरोपी को जूते से पीटा; लोगों ने थाने का घेराव किया

एजेंसी

दौसा। राजस्थान के दौसा में 5 साल की बच्ची से सब इंस्पेक्टर के रेप के बाद हालात तनावपूर्ण है। शुक्रवार 10 नवंबर देर रात मेडिकल बोर्ड ने पीड़ित बच्ची की जांच की। जांच के बाद दौसा एसपी वंदिता राणा ने कहा कि बच्ची की स्थिति सामान्य है और उसे गंभीर चोट नहीं आई है।

वहीं, आरोपी सब इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह



को अरेस्ट कर लिया गया है। शनिवार रात आरोपी स्न्नु को सेवा से बर्खास्त कर दिया। राजस्थान के दौसा में शुक्रवार को सब इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह(54) ने कॉन्स्टेबल की 5 साल की बच्ची के साथ रेप किया था। वारदात का खुलासा होते ही लोगों ने थाने में जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की। दरअसल, आरोपी ने थाने में ही खुद को एक कमरे में बंद कर लिया था, लेकिन नाराज लोगों ने थाने का घेराव किया।

आरोपी को थाने की खिड़की तोड़कर बाहर निकाला और थाने से चौराहे तक घसीटते, पीटते ले गए। शनिवार 11 नवंबर को भी इस घटना के वीडियो और फुटेज वायरल हुए।

शुक्रवार दोपहर को जब पीड़ित के पिता शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की और हाथ तोड़ दिया। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया था। शुक्रवार देर रात बच्ची को दौसा जिला अस्पताल ले जाया गया। देर रात डॉक्टर्स के बोर्ड ने बच्ची का मेडिकल किया।

**जहरीली शराब**

## 2 लोग गिरफ्तार; एडीजीपी ने अवैध फैक्ट्री का निरीक्षण किया

# जहरीली शराब से 3 और मौत, मरने वालों का आंकड़ा 19 पहुंचा

एजेंसी

अंबाला। हरियाणा में जहरीला शराब से मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यमुनानगर में चौथे दिन 3 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान गांव सारन के अजमेर (70), पम्मी (45) और पंजेटो माजरा के अरुण उर्फ विक्की (32) के रूप में हुई है। वहीं, अब तक इस मामले में 19 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। शनिवार को पुलिस ने 2 और लोगों को गिरफ्तार किया है।

शिक्षा मंत्री कंवलपाल गुर्जर ने मरने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

इससे पहले शनिवार शाम को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ADGP) AS चावला ने अंबाला में अधिकारियों के साथ मिलकर अवैध शराब फैक्ट्री का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जांच हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो भी करेगा।

### अंबाला में 7 की संदिग्ध मौत

उधर, शुक्रवार और शनिवार को अंबाला में 7 लोगों की संदिग्ध मौत हुई है। इनमें से परिजनों ने कई का



अंतिम संस्कार कर दिया है, जबकि कुछ के पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की आगामी कार्रवाई शुरू की है।

जान गंवाने वालों में अंबाला के गांव सुहाणा निवासी निसार अली (50) पुत्र दीन मोहम्मद अली, धन्नी राम, चुच्चा राम और अजैब सिंह शामिल हैं।

शुक्रवार शाम को 45 साल के राजू पुत्र तुंही राम की भी मौत हुई है। हालांकि, परिजन इसकी मौत को हार्ट अटैक बता रहे हैं। वहीं, गांव अलीपुर में लगभग 45 साल के गबिंद्र और 67 साल के पाला राम शामिल हैं।

### लगातार बढ़ रहा मौत का ग्राफ

पिछले 3 दिनों से लगातार मौत का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। संदिग्ध मौत होने के बाद ही सामने आ रहा है कि शराब पीने से मौत हुई है। ज्यादातर मौतें यमुनानगर के ग्रामीण क्षेत्र में हुई हैं। अंबाला में भी उन्हीं क्क्के दीपक व शिवम की मौत हुई है, जो फैक्ट्री में अवैध रूप से शराब बनाते थे।

उधर, अंबाला में अवैध फैक्ट्री चलाने वाला मास्टरमाइंड अंकित उर्फ मोगली का पुलिस को कहीं कोई सुराग नहीं लगा है। अंबाला और यमुनानगर पुलिस की टीम दबिश दे रही हैं।

इस मामले में अंबाला पुलिस खेत के मालिक उत्तम, पुनीत के अलावा शराब बनाने में शामिल आरोपी शेखर क्क्के गांव खिवाड़ (मेरठ) और प्रवीण गांव कुरथल (मुजफ्फरनगर) को गिरफ्तार कर सेंट्रल जेल भेज चुकी है।

# दीपावली बाद लागू होगी समान नागरिक संहिता, सरकार ने पूरी कर ली हैं तैयारियां

नई दिल्ली। (पी एम ए) समान नागरिक संहिता यानी यू सी सी की चर्चा के बीच उत्तराखंड सरकार ने इसे लागू करने की तैयारी कर ली है।

उत्तराखंड सरकार दीवाली के बाद विशेष विधानसभा सत्र बुलाकर यू सी सी विधेयक को पारित कर सकती है। विधेयक पारित होने के बाद कानून बन जाएगा। इसके साथ ही उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में समिति गठित कर रखी है। यह समिति जल्द ही राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंप देगी। समिति अध्यक्ष देसाई ने पहले ही कहा




था कि समान नागरिक संहिता का पूरा मसौदा तैयार हो चुका है। विशेषज्ञ समिति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंपेगी।

रंजना देसाई समिति ने 2 साल में पांच दर्जन से अधिक बैठकें की। ढाई लाख लोगों ने लिखित सुझाव भेजे हैं। उप समितियों ने सीमांत क्षेत्रों का दौरा किया। प्रचलित प्रथाओं को समझा और दुनिया के कई देशों में लागू कानून का अध्ययन भी किया। समिति ने लैंगिक और दैहिक भेदभाव खत्म करने और संपत्ति में समान हक देने की सिफारिश की है। इसके साथ ही लड़कियों की शादी के लिए 18 के बजाय 21 वर्ष की उम्र करने की भी सिफारिश शामिल है।

### गुजरात भी तैयार

लोकसभा चुनाव 2024 में समान आचार संहिता ही बड़ा मुददा बनता दिखाई दे रहा है। उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी समान नागरिक संहिता की मांग उठ रही है। उत्तराखंड में संहिता लागू होने के बाद गुजरात सरकार भी अपने राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू कर सकती है।

## शार्ट न्यूज

### असम तृणमूल कांग्रेस के नेता दिलीप सलमा का मीडिया अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** असम तृणमूल कांग्रेस के नेता दिलीप सरमा ने राज्य मीडिया अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व धीरे धीरे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। फिर चाहे वह मणिपुर या मिजोरम हो या फिर अरुणाचल प्रदेश या त्रिपुरा हो। सात बहनों के इस राज्य में अब भाजपा की जड़े मजबूत हो रही है। असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा की राजनीति ने पूरे इलाके की स्थिति को बदल दिया है। पूर्वोत्तर के सबसे फायर ब्रांड नेता के रूप में पहचान बना चुके हेमंता पार्टी की धार को मजबूत करने में लगे हुए हैं। असम तृणमूल कांग्रेस नेता दिलीप सरमा ने शनिवार को पार्टी छोड़ दी। उन्होंने राज्य मीडिया अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया और इस्तीफे के तुरंत बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के पास गए। दिलीप सरमा असम में तृणमूल कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक थे। उन्होंने अपना त्याग पत्र सार्वजनिक होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा से मुलाकात की। इसके साथ ही भाजपा में शमिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। इसके साथ ही असम युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष परितुष रॉय ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है।

### मोदी के नेतृत्व का दशक देश में विकास दशक के रूप में दर्ज : ठाकुर

शिमला। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का दशक देश में विकास दशक के रुप में दर्ज है। उन्होने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की कायापलट हुई है जिसके कारण आज भारत एक विश्व शक्ति बनकर उभरा है। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा शिमला के रिज मैदान में आयोजित पाँच दिवसीय प्रदर्शनी का शनिवार, 11 नवम्बर को समापन हुआ। इस अवसर पर श्री जयराम ठाकुर समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष' विषय पर आयोजित इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में हुई अभूतपूर्व तरक़्क़ी और जनकल्याणकारी योजनाओं की चित्रमय जानकारी दी गई थी । इस अवसर पर श्री ठाकुर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की कायापलट हुई है। आज भारत एक विश्व शक्ति बनकर उभरा है । एक और जहां गरीब कल्याण, पीएम किसान, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से देश के आम नागरिक, किसानों और महिलाओं का कल्याण हुआ है वहीं इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल व्यवस्था एवं विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में हुए क्रांतिकारी विकास से भारत आज दुनिया कि पाँचवीं अर्थ व्यवस्था बन गया है।

### 60.80 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर की पुलभट्टा पुलिस ने 60.80 लाख रुपये की स्मैक की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही स्मैक के धंधे में लगी महिला के खिलाफ भी अभियोग पंजीकृत किया है। मिली जानकारी के अनुसार ऊधमसिंह नगर के पुलभट्टा पुलिस की ओर दीपावली पर्व को देखते हुए बीती रात को अंजनिया गांव स्थित भूमिया मंदिर के पास सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर एक मोटर साइकिल सवार भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर मोटर साइकिल संख्या यूपी 25 डीएस 1085 को घेर लिया और आरोपी फईम खान निवासी वार्ड नंबर 08, मीर खां बाबन नगर, मीरगंज, बरेली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 608 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत 60.80 लाख रुपये आंकी गयी है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह बरामद स्मैक को फतेहगंज, पश्चिम बरेली से रेशमा निवासी फतेहगंज पश्चिम बरेली नामक महिला से लेकर आया है।

### विभिन्न दलों के नेताओं ने अभिनेता चंद्र मोहन के निधन पर जताया शोक

हैदराबाद। अनुभवी तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन के निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी तथा तेलंगाना के मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने अनुभवी फिल्म अभिनेता व सिल्वर स्क्रीन पर पहली पीढ़ी के नायक एम चंद्र मोहन के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका शनिवार को हैदराबाद में निधन हो गया। केसीआर ने एक संदेश में चंद्र मोहन के निधन पर दुख व्यक्त किया, जिन्होंने विविध भूमिकाएँ निभाईं और अपने अभिनय कौशल से दर्शकों का मनोरंजन किया। उन्होंने कहा कि दिग्गज फिल्म अभिनेता का निधन तेलुगू फिल्म उद्योग के लिए एक बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री चंद्रमोहन कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के लिए अपने फिल्मी करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ने के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ फिल्म अभिनेता, जो फिल्म उद्योग में 50 साल से अधिक समय से थे, ने तेलुगू और अन्य भाषाओं में लाखों लोगों का दिल जीता। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

### मिजोरम : पुनर्मतदान में 87 प्रतिशत से ज्यादा मतदान

आइजोल। मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए एक मतदान केंद्र पर शुक्रवार को पुनर्मतदान शांतिपूर्ण रूप से पूरा हुआ और 87.08 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आइजोल दक्षिण-3 विधानसभा क्षेत्र में मुआलुंगथु मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान आवश्यक हो गया था क्योंकि अधिकारी ईवीएम से मॉक पोल परिणामों को मिटाना भूल गए थे और उन्हें वास्तविक वोटों में जोड़ दिया था। अधिकारियों ने कहा कि पुनर्मतदान में कुल 1,084 मतदाताओं में से 944 (484 महिला और 460 पुरुष) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य में 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए मंगलवार को हुए मतदान के बाद यह एकमात्र मतदान केंद्र है जहां पुनर्मतदान किया गया। मुआलुंगथु मतदान केंद्र के मतदान अधिकारियों ने महसूस किया था कि मंगलवार सुबह सात बजे मतदान शुरू होने से पहले मॉक पोल के वोट नहीं हटाए गए थे और मतदाता उसी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में अपना वोट डालना जारी रखे हुए थे, जिसके बाद पुनर्मतदान की आवश्यकता पड़ी। मतदान केंद्र के निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव पर्यवेक्षक से परामर्श करने के बाद मामले को केंद्रीय चुनाव आयोग को भेज दिया और ईसीआई ने पुनर्मतदान का आदेश दिया। पुनर्मतदान कराने के लिए नये मतदान अधिकारियों नियुक्त किया गया था।

### भाजपा चुनाव में ईडी एवं सीबीआई और ध्रुवीकरण का ले रही सहारा: रमेश

जयपुर, 11 नवम्बर (वार्ता) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संचार) एवं सांसद जयराम रमेश ने राजस्थान विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास कोई मुद्दा नहीं होना एवं गलत प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव में जनता का जनादेश पाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है। रमेश शनिवार को यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों तथा आगे के पांच वर्षों में कांग्रेस पार्टी क्या करेगी, उसके आधार पर हम जनता के बीच जाकर जनादेश मांग रहे हैं। उन्होंने कहा भाजपा के पास दो हथियार है, एक ईडी और सीबीआई जिन पर दो दिन दीवाली का ब्रेक रहेगा तथा दूसरा हथियार ध्रुवीकरण है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद आरोप लगा रहे हैं और गलत प्रचार कर रहे हैं जिसका मैंने खंडन भी किया है। उन्होंने मोदी के बड़े बड़े मगरमच्छ को भी नहीं बख्शने के बयान पर पलटवार करते हुए उदयपुर कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी का बिना नाम लिए कहा कि चार घंटे में एक मगरमच्छ पकड़ा गया था और वह भी भाजपा का कार्यकता था।

# नोएडा हवाईअड्डे पर फरवरी से शुरू होंगे उड़ानों के ट्रायल

## अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा परियोजना का 60 फीसदी का पूरा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने की ऑनलाइन समीक्षा

ग्रेटर नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सिंतबर 2024 से उड़ानें शुरू होंगी। हालांकि इसका ट्रायल फरवरी से शुरू हो जाएगा। निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (जेवर) की प्रगति रिपोर्ट जानने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव ने शुक्रवार को ऑनलाइन समीक्षा की। बैठक में रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टॉवर, कनेक्टिविटी सहित परियोजना से जुड़े हर कार्य की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई गई। अब तक लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बैठक में बताया गया कि गतिशक्ति योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 नवंबर को एयरपोर्ट की समीक्षा करेंगे। अहम है कि एयरपोर्ट प्रदेश ही नहीं केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस महत्वपूर्ण परियोजना को समय से पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। उड़ान का समय नजदीक आता देख लगातार समीक्षा की जा रही है। लोकसभा चुनाव से पहले हर हाल में उड़ान शुरू होनी है। ऐसे में शुक्रवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने एयरपोर्ट की विकासकर्ता कंपनी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर परियोजना की प्रगति रिपोर्ट जानी। परियोजना से जुड़े हर कार्य की गहनता से समीक्षा की गई। ऑनलाइन बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री



तथा अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन उत्तर प्रदेश एसपी गोयल, एयरपोर्ट अथॉरिटी के चेयरमैन, जीएम, यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह, एसीईओ कपिल सिंह, विपिन जैन सहित सभी संबंधित विभागों व विकासकर्ता कंपनी के अधिकारी शामिल हुए।

### 31 दिसंबर तक तैयार हो जाएगा एटीसी टॉवर

आठ मंजिल एटीसी टॉवर का निर्माण कार्य 31 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसका काम तेजी से चल रहा है और आठवीं मंजिल की छत का लिंटर डाल दिया गया है। इसके बाद गुंबद का निर्माण किया जाएगा। फिनिशिंग और उपकरण लगाने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया जाएगा। इसका लक्ष्य 31 दिसंबर रखा गया है।

### 31 मई तक शुरु हो जाएगी पानी की सप्लाई


एयरपोर्ट में पानी की सप्लाई के लिए 8 एमएलडी की क्षमता के दो ट्यूबवेल बनने है। इसका काम 31 मई तक पूरा कर लिया जाएगा, ताकि एयरपोर्ट शुरू होने के बाद पानी की दिक्कत नहीं हो। एयरपोर्ट का काम निर्धारित समयावधि में पूरा किया जा सके, इसके लिए निर्माण कार्य में जुटे श्रमिकों की संख्या बढ़ा दी गई है। इस समय दिन- रात मिलाकर सात हजार से अधिक लोग काम कर रहे हैं।

### 30 जून तक पूरा हो जाएगा रेस्क्यू सेंटर

एयरपोर्ट के पास बनने वाले रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य 30 जून 2024 तक पूरा हो जाएगा। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने जमीन दे दी है। उड़ान शुरू होने से पहले रेस्क्यू सेंटर का निर्माण हर हाल में पूरा किया जाना है। चार इंटरचेंज व यमुना एक्सप्रेसवे को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 750 मीटर रोड का निर्माण कार्य भी समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। इंटरचेंज का निर्माण कार्य 30 अप्रैल तक पूरा करना होगा।

# महादेव एप के संचालक समेत 18 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज

नोएडा। (पी एम ए) कूट रचित दस्तावेज व फर्जी वेबसाइट पर ऑनलाइन महादेव बुक ऐप पर गेम खिलाकर लोगों से अरबों रुपए की ठगी करने वाले गैंग के सरगना सहित 18 लोगों के खिलाफ थाना सेक्टर-39 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने 7 फरवरी वर्ष 2023 को इस गैंग के 16 लोगों को सेक्टर-100 में स्थित एक सोसाइटी से गिरफ्तार किया था। इनके पास से पुलिस ने लैपटॉप, पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड,




बुकी ब्रीफकेस, सूटकेस, राउटर, पासपोर्ट, दो कार सहित अन्य सामान बरामद किया था। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरिश चंदर ने बताया कि ऑनलाइन महादेव बुक एप पर गेम खिलाने वाले गैंग के सरगना तरुण लाखेड़ा पुत्र संजय लाखेड़ा, नीरज गुप्ता पुत्र मुन्ना, हिमांशु पुत्र राजकुमार, असफ खान पुत्र अब्बास खान, दिव्या प्रकाश पुत्र बालकृष्ण, राहुल पुत्र रामकुमार, आकाश जोगी पुत्र राजेंद्र, दीपक कुमार पुत्र रमेश, अनुराग वर्मा पुत्र अशोक कुमार, हर्षित चैरसिया पुत्र राजू, अभिषेक प्रजापति पुत्र हरीश, दीपक पुत्र चिंतामणि, विशाल शर्मा पुत्र बलराम, विवेक साहू पुत्र सुरेश साहू, अक्षय तिवारी पुत्र संतोष तिवारी, आकाश साहू पुत्र राजू साहू, सचिन सोनी पुत्र मुरारी लाल, अभि रावत पुत्र अरविंद रावत के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

उन्होंने बताया कि इस गैंग का सरगना तरुण लाखेड़ा है। महादेव एप के संचालक तरुण लाखेड़ा की सगाई में शामिल होने पर कई फिल्मी हस्तियों को प्रवर्तन निदेशालय ने नोटिस दिया गया है। तरुण लखेड़ा सऊदी अरब में रहता है, तथा वहीं से उक्त एप को संचालित करता है। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों की संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट की धारा के तहत कुर्क किया जाएगा।

## मनाली-लेह मार्ग यातायात के लिए बंद, बारालाचा में एक फीट बर्फबारी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम में आए बदलाव से मनाली-लेह मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। कुल्लू-केलांग के बीच बस सेवाएं ठप हो गई हैं जबकि बारालाचा में एक फीट ताजा बर्फबारी होने से दारचा में लेह जाने वाले ट्रक फंस गए हैं। वहीं लेह से मनाली की तरफ आने वाले कई वाहनों को उपशी में रोका गया है।

सीमा सड़क संगठन ने बारालाचा से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। वहीं ग्रांफू-काजा मार्ग भी बंद हो गया है। शुक्रवार को हुई बर्फबारी से पहाड़ चांदी की तरह चमक उठे हैं। वहीं बारिश होने से किसानों और बागवानों ने राहत की सांस ली है। वहीं, जलोड़ी दर्रा में ताजा बर्फबारी से हाईवे-305 भी बसों के लिए अवरुद्ध हो गया है।

वहीं, किन्नौर जिले के नाथपा के पास नेशनल हाईवे-पांच एक बार फिर से बंद हो गया है। देर रात हुई बारिश के बीच चट्टानें गिरने से नेशनल हाईवे अवरुद्ध हो गया था। एनएच प्राधिकरण ने सुबह 7:30 बजे हाईवे पर यातायात बहाल कर दिया था। सुबह 10 बजे फिर से चट्टानें गिरने से एनएच पांच बंद हो गया है। जिससे किन्नौर का संपर्क कट गया है। एनएच पांच बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से जाम की स्थिति बनी हुई है। एनएच प्राधिकरण के मजदूर और मशीनरी मार्ग को बहाल करने मे जुटे हैं।

## उमा भारती के फैसले ने भाजपा की बढ़ाई मुश्किलें

भोपाल। (पी एम ए) मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की फायर ब्रांड नेता उमा भारती कहीं भी सभा नहीं करेंगी। उमा भारती के इस फैसले से भाजपा को पिछड़ा वर्ग को लुभाने और लोधी मतदाताओं को अपने करीब खींचने में परेशानी हो सकती है।

उमा भारती पिछड़ा वर्ग का बड़ा चेहरा हैं और बुंदेलखंड सहित राज्य के कई हिस्सों में उनका प्रभाव है, मगर उमा भारती ने अब भाजपा के लिए किसी भी तरह की रैली में हिस्सा न लेने का फैसला कर पार्टी की मुसीबत तो बढ़ा ही दी है।

उमा भारती को गुरुवार को प्रचार के लिए सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र में बुलाया गया था। मगर, वे तकनीकी कारणों से पहुंच



नहीं पाई। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरा तो झांसी में इलाज चल रहा था। मुझे तो यहां बुलबा लिया गया और फिर मैं प्रचार में पहुंच भी नहीं सकी। मुझे बुलाने वाले उम्मीदवारों ने सर्वत्र मेरे आने की चर्चा भी कर दी, अब मैं उनके लिए चिंतित हूं कि सुरखी जैसा सब जगह न हो जाए।

उमा भारती ने आगे कहा, अब मुझे आगे किसी उम्मीदवार को संकट में नहीं डालना इसलिए अब मेरी कोई सभा नहीं होगी सिर्फ भगवान से सबकी विजय के लिए प्रार्थना होगी।

### मोदी तेलंगाना चुनाव के बीच हैदराबाद पहुंचे

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मैडिगा रिजर्वेशन पोराटा समिति (एमआरपीएस) की ओर से सिकंदराबाद के पैरेड ग्राउंड में आयोजित 'अनागरीना वर्गला विश्वरूप महासभा' (दलित समुदायों की विश्वरूप महासभा) में भाग लेने के लिए शनिवार को नयी दिल्ली से एक विशेष उड़ान से यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पहुंचे। हवाई अड्डे पर सरकारी और पुलिस अधिकारियों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। बाद में श्री मोदी सड़क मार्ग से परेड ग्राउंड के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री की यात्रा के कारण परेड ग्राउंड के आसपास के कुछ क्षेत्रों में यातायात प्रतिबंध सहित व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मोदी की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं।

## पीएम नरेंद्र मोदी से मिले अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन

नई दिल्ली। (पी एम ए) भारत और अमेरिका के बीच 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले।

भारत और अमेरिका के बीच शुक्रवार को पांचवी 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता हुई। इस वार्ता में शामिल होने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन आज भारत आए और इनके साथ अमेरिका से प्रतिनिधि दल भी मौजूद था। इन दोनों नेताओं की भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता हुई। इस वार्ता में भारत के प्रतिनिधि दल ने भी हिस्सा लिया और देश की राजधानी नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में इस 2+2



मंत्रिस्तरीय वार्ता। इस वार्ता के बाद ब्लिंकन और ऑस्टिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इस मीटिंग के बारे में जानकारी दी और 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता को भारत और अमेरिका की ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के लिए अहम बताया। पीएम मोदी ने बताया कि लोकतंत्र, बहुलवाद और कानून के शासन में भारत और अमेरिका का साझा विश्वास कई क्षेत्रों में दोनों देशों के पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग को रेखांकित करता है। साथ ही पीएम मोदी ने भारत-अमेरिका पार्टनरशिप को वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत भी बताया। पीएम मोदी की ब्लिंकन और ऑस्टिन के साथ मीटिंग में अहम विषयों पर चर्चा हुई। इस मीटिंग में भारत-अमेरिका के संबंधों और पार्टनरशिप के साथ ही ओपन एंड सिक्योर इंडो-पैसिफिक, डिफेंस, टेक्नोलॉजी, स्पेस, क्लीन एनर्जी और दूसरे कई अहम विषयों पर चर्चा हुई।

## तामिलनाडु में लगातार बारिश से बुरा हाल, स्कूल-कॉलेज बंद

नई दिल्ली। दक्षिण भारत के कई राज्यों में पिछले कई दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण सबसे ज्यादा बुरा हाल तमिलनाडु में हुआ है। इस वजह से कई जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

दिवाली से पहले एक ओर जहां उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल रहा है तो दूसरी ओर दक्षिण भारत के कई राज्यों में भी लगातार बारिश हो रही है। दक्षिणी राज्य तमिलनाडु के पिछले कई दिनों से कई जिलों में लगातार बारिश हो रही, जिस कारण




राज्य के एजुकेशन ऑफीसर ने गुरुवार की तरह आज भी स्कूल बंद की घोषणा की है। भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ की वजह से मदुरै, थेनी, डिंडीगुल, तिरुनेलवेली, तेनकासी, तिरुप्पुर और कोयंबटूर जिलों के अलावा, नीलगिरी जिले के चार तालुकों सहित कई जिलों में प्रशासन ने आज स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी। इसी बीच भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

तमिलनाडु समेत कई दक्षिणी राज्यों में पिछले कई दिनों से ही भारी बारिश हो रही है, जिससे जलभराव हो गया है। राज्य प्रशासन ने बताया कि नीलगिरि माउंटेन रेलवे के मेट्टुपालयम-कुन्नूर खंड में कल्लार-अडरली के बीच ट्रैक के नीचे की मिट्टी बह गई। आरएमसी ने अपने ताजा अपडेट में बताया कि आज और कल यहां आंशिक रूप से बादल छाए रहने और मध्यम बारिश या गरज के साथ फुहार पड़ने की संभावना है।

आईएमडी ने तमिलनाडु के अलावा पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश,कर्नाटक, केरल समेत दक्षिण प्रायदीप में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की आशंका जताई है।

वहीं, पाकिस्तान से आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में जल्द ही बर्फबारी की भी संभावना जताई है।इसके मौदानी राज्यों में भी तापमान में काफी गिरावट दर्ज की जाएगी।

## नागालैंड के पूर्व राज्यपाल पद्मनाभ आचार्य का मुंबई में निधन

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य, जो नागालैंड के पूर्व राज्यपाल थे, का निधन हो गया।

वह 92 साल के थे। 'पीबी' के नाम से लोकप्रिय, उन्होंने अंधेरी पश्चिम में अपने घर पर अंतिम सांस ली और उनका अंतिम संस्कार आज शाम पास के ओशिवारा श्मशान में किया गया। 8 अक्टूबर, 1931 को उडुपी में जन्मे आचार्य ने अपनी स्कूल और कॉलेज की शिक्षा यही से पूरी की और मुंबई विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की, बाद में अपने एक भाई के साथ व्यवसाय में शामिल हो गए। उडुपी में अपने छात्र जीवन में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े।

बाद में, उन्हें भाजपा का मुंबई उत्तर-पश्चिम का अध्यक्ष बनाया गया, इसके बाद वह भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य और पूर्वोत्तर राज्यों के प्रभारी महासचिव के रूप में भी कार्यरत रहे।

### डल झील में पांच हाउसबोट जलकर खाक

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डल झील में शनिवार को कम से कम पांच हाउसबोट और 10 से अधिक लकड़ी से बने आवासों में आग लग गयी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह पांच बजे डल झील में घाट नंबर 9 के पास एक हाउसबोट में आग लग गयी और आसपास के अन्य हाउसबोट तथा अन्य लकड़ी के आवासीय ढांचे को अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए रिवर स्टेशन नेहरू पार्क, बटमालू और गावकदल से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गयी। घटना में किसी को चोट नहीं आयी है। आग लगने से करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। श्रीनगर के उपायुक्त ऐजाज असद ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ, कश्मीर पुलिस और अग्निशमन एवं आपातकालीन एजेंसियों की टीमें हरकत में आईं और आग पर काबू पाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हाउसबोटों में ठहरे पर्यटकों और निवासियों को सबसे पहले बचाया गया और सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और सरकार अग्नि पीड़ितों के साथ है और उन्हें घटना पर दुख है। पीड़ितों को सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया करायी जायेगी। ठंड के बीच अग्निपीड़ितों को कंबल सहित आवश्यक घरेलू सामान जल्द ही उपलब्ध कराया जायेगा।

### पुलवामा में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ पुलवामा जिले के परिगाम इलाके में हुई। पुलिस ने कहा,पुलिस और सुरक्षा बल का अभियान अभी जारी हैं। आगे की जानकारी सामने आ रही है तब पूरी जानकारी दी जाएगी। पुलिस ने एक्स पर कहा, पुलवामा के परिगाम इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल अभियान पर लगे हुए हैं। आगे की जानकारी दी जाएगी।

## दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर तेल टैंकर व पिकअप वैन से टक्कर में चार की मौत

जयपुर। (पी एम ए) दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर गुरुग्राम के सिधरावली गांव के पास एक तेल टैंकर द्वारा एक कार और एक पिकअप वैन को टक्कर मारने के बाद चार लोगों की मौत हो गई।

घटना शुक्रवार देर रात की है, जब जयपुर से आ रहे तेल टैंकर ने डिवाइडर तोड़ दिया और सामने से कार में टक्कर मार दी, इसके बाद उसके अंदर सीएनजी सिलेंडर में आग लग गई और तीन लोगों की मौत हो गई।

कार से टकराने के बाद तेल टैंकर हाइवे




पर एक पिकअप वैन से भी टकरा गया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारण वैन के चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

सब-इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने आईएएनएस को बताया, घटना की सूचना मिलने के बाद बिलासपुर थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पाया कि आग लगने से एक कार जलकर खाक हो गई है और तीन लोगों की मौत हो गई है।

उन्होंने बताया कि कार सवार संभवत- जयपुर जा रहे थे। पिकअप वैन चालक की भी जान चली गयी।

कुमार ने कहा, आरोपी तेल टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। । बताया कि फरार आरोपी चालक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।


## शार्ट न्यूज

### श्रीमती जुही नरेंद्र की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने ममतामयी माँ, धर्मपरायण आदर्श महिला हम सबकी प्रेरणा स्रोत दिवंगत श्रीमती जुही नरेंद्र धर्म पत्नी माननीय श्री अनिल नरेंद्र, प्रधान संपादक (डेली प्रताप(उर्दु) वीर अर्जुन, सांध्य वीर अर्जुन राष्ट्रीय हिंदी दैनिक की दूसरी पुण्यतिथि पर उनकी मधुर स्मृतियों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि श्रीमती जुही अनिल नरेंद्र बेहद विनम्र, सादगी पसंद उच्च विचारों की स्वामी, मिलनसार विदूषी महिला थी।

### स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135वीं जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रुप में मनाई



**नई दिल्ली।** नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क और प्रशिक्षित शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षामंत्री स्वर्गीय मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135वीं जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रुप में मनाई गई। वत्स ने उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री दयानंद वत्स ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक एक कवि, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका विराट व्यक्तित्व एवं प्रेरक कृतित्व आज की युवा पीढी के लिए प्रकाश पुंज के समान है। श्री दयानंद वत्स ने कहा कि नई शिक्षा नीति मौलाना अबुल कलाम आजाद के सपनों को साकार करेगी।

### लोकतंत्र के प्रहरी थे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त श्री टी.एन शेषन- दयानंद वत्स भारतीय



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से 2019 में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में आज चौथी पुण्यतिथि पर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त स्वर्गीय श्री टी.एन शेषन को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि भारत में चुनाव सुधारों के लिए स्वर्गीय श्री टी.एन शेषन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्हें हमेशा लोकतंत्र के प्रहरी के रुप मे याद किया जाएगा। उन्होंने भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए नियमों का कड़ाई से पालन किया। उनके कार्यकाल में ही आम जनता चुनाव आयोग से सही रुप में परिचित हुई। श्री शेषन कठोर निर्णय लेने में पीछे नहीं हटते थे। वत्स ने कहा कि श्री शेषन ने अपने कार्यकाल में सभी राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग की अहमियत अच्छे से समझा दी थी। भारत के मतदाताओं के दिलों पर श्री टी.एन शेषन ने गहरी छाप छोड़ी।

### दिल्ली में फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस हुए। झटके दोपहर तीन बजकर 36 मिनट पर महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई। झटके हल्के थे लेकिन इसके बावजूद लोगों दहशत के मारे घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र उत्तरी दिल्ली रहा। फिलहाल कहीं से किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। आमतौर पर लोग अपने-अपने घरों में दिवाली की तैयारी में जुटे हुए हैं, ऐसे में भूकंप ने कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल उत्पन्न कर दिया। बता दें कि छह नवंबर को भी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस हुए थे। नेशनल केन्द्र फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र नेपाल रहा था और रिक्टर स्केल पर तीव्रता 5.6 मापी गई थी। हालांकि कहीं भी किसी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ था।

### मेवाड़ कॉलेज की कैंटीन में बीसीए के छात्र को कुर्सी पर बैठने पर पीटा, दस पर रिपोर्ट

इंदिरापुरम। वसुंधरा सेक्टर-4 स्थित मेवाड़ कालेज की कैंटीन में बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र निखिल को कुर्सी पर बैठने पर करीब दस छात्रों ने बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान छात्र के गले से सोने की चेन भी तोड़ ली। घायल छात्र ने निजी डॉक्टर से उपचार कराया। इंदिरापुरम पुलिस ने छात्र की लिखित शिकायत पर बलवा और मारपीट की धारा में चार नामजद समेत दस छात्रों पर मुकदमा कराया है। पुलिस ने एक छात्र को पकड़कर कार्रवाई की है। प्रताप विहार में रहने वाले निखिल ने पिछले महीने बीसीए प्रथम वर्ष में दाखिला लिया था। उसका कहना है कि 8 नवंबर की दोपहर दो बजे वह कैंटीन में खाना खाने गया था। वहां पर छह कुर्सियां खाली पड़ी थीं। वह एक कुर्सी लेकर उस पर बैठ गया। आरोप है कि कैंटीन में मौजूद मोनिश, अफरीदी, रेहान और सोहेल ने कुर्सी पर बैठने पर बहस शुरू कर दी। विरोध करने पर छात्रों ने हमला कर दिया। उसके नीचे गिरने के बाद भी छात्रों ने नहीं छोड़ा। हमला करने वाले छात्रों के अन्य सहयोगियों ने भी उसे पीटा और गले से सोने की चेन तोड़ ली।

### टैक्स बकाया लेकर फरार हुई बाहरी फर्म

**गाजियाबाद।** बाहरी लोगों की ओर से गाजियाबाद में संचालित की जा रही फर्म राज्यकर विभाग का करोड़ों का टैक्स चोरी कर कारोबार बंद कर फरार हो गई। अब राज्यकर विभाग के अधिकारी ऐसी फर्मों का ब्योरा खंगाल रहे हैं। अब पैन कार्ड नंबर के आधार पर इनकी तलाश की जाएगी। दरअसल, एनसीआर का प्रमुख शहर होने की वजह से गाजियाबाद में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान समेत कई अन्य राज्यों के लोग आकर कारोबार करते हैं। ऐसे कारोबारियों की फर्म का पता तो गाजियाबाद का होता है, लेकिन उनके निवास से संबंधित प्रमाण पत्र अन्य राज्यों के होते हैं। कुछ साल कारोबार के बाद करीब 150 से ज्यादा फर्म संचालक बकाया टैक्स चुकाए बिना कारोबार बंद करके चले गए। इन फर्मों पर बकाएदारी अभी भी चल रही है। इन फर्मों को बंद करके जाने वाले अन्य राज्यों के लोगों को ट्रेस करना राज्यकर विभाग के लिए भी चुनौती बना हुआ है।

### चिप्स सप्लायर से लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के पास 31 अक्तूबर की रात को चिप्स सप्लायर अजय कुमार गर्ग से हुई 3.74 लाख रुपये की लूट का खुलासा क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई रकम में से 60 हजार रुपये और स्कूटी बरामद की है। एक लुटेरे को रात में मुठभेड़ के बाद क्रॉसिंग रिपब्लिक के रिछपाल गढ़ी से पकड़ा। इसके पास से पुलिस ने 38 हजार रुपये बरामद किए। चार बदमाशों ने लूट की वारदात की थी। दो फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस जुटी है। मुकदमा पहले क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में लिखा गया था लेकिन घटना स्थल बिसरख थाने का होने के कारण विवेचना स्थानांतरित कर दी गई थी। एसीपी वेव सिटी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे क्रॉसिंग रिपब्लिक के सुदामापुरी निवासी योगेश और कविनगर के गोविंदपुरम निवासी चिराग हैं। योगेश के खिलाफ दो और चिराग के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं। मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार हुए बदमाश का नाम अनस निवासी इस्लामनगर है। पूछताछ में पता चला कि एक बाइक से योगेश और चिराग अपने दो साथियों के साथ आए थे। चारों ने अजय कुमार से स्कूटी लूटी थी।

# जमीन अधिग्रहण अनियमितता में आया मुख्य सचिव के बेटे का नाम, आतिशी ने जांच की शुरू

**नई दिल्ली।** द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित 19 एकड़ भूमि के मुआवजे में हुए अचानक वृद्धि में अब दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार के बेटे का नाम सामने आया है। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक शिकायत मिली। इस शिकायत पर संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री ने जांच के लिए मामला सतर्कता मंत्री को भेजा। जिसके बाद इस मामले में सतर्कता मंत्री आतिशी ने जांच शुरू की है। आतिशी ने निदेशक सतर्कता और मंडलायुक्त को पत्र लिखा है।




द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए बामनोली गांव में भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी फाइलें आज शाम सात बजे तक सतर्कता मंत्री को सौंपी जाएंगी। सतर्कता मंत्री ने दोनों विभागों को निर्देश दिया कि कथित भ्रष्टाचार के इस मुद्दे से संबंधित कोई भी फाइल मुख्य सचिव के माध्यम से न पारित की जाए क्योंकि वह जांच का विषय है। ऐसे आरोप लग रहे हैं कि मुख्य सचिव ने अपने बेटे की कंपनी को 315 करोड़ का फायदा पहुंचाने का प्रयास किया। इस मामले की विस्तृत जांच के लिए शिकायत सतर्कता मंत्री को भेजी गई। मिली जानकारी के मुताबिक, साल 2019 में दो भूमि मालिकों को शुरुआत में 41.52 करोड़ रुपये दिए गए, जो मई 2023 में बढ़कर 353.7 करोड़ रुपये हो गए।

इस मामले में दक्षिण पश्चिम जिले के पूर्व डीएम हेमंत कुमार पर भी जांच चल रही है। बता दें कि दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय के बीच लंबा संघर्ष चल रहा है। इसी बीच मुख्य सचिव के बेटे का नाम सामने आने के बाद सरकार हमलावर हो गई है।

# किशोरी का अपहरण कर की जबरन शादी फिर रेप

**मोदीनगर।** गाजियाबाद के मुरादनगर में पाइपलाइन स्थित एक गांव में दस दिन पहले लापता हुई 17 साल की किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। किशोरी को होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। बता दें कि पाइपलाइन स्थित एक गांव स्थित ईट भट्ठे पर एक परिवार काम करता है। उनकी 17 साल की पुत्री 28 अक्तूबर को संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई थी। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण की आशंका जताते हुए मुरादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी नरेश कुमार ने किशोरी को बरामद करने के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया। देर रात को पुलिस ने सूचना के आधार पर किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में किशोरी ने बताया कि युवक ने मेरे साथ जबरदस्ती मंदिर में शादी कर ली। इतना ही नहीं वह मुझे एक होटल में ले गया और वहां पर मेरे साथ कई दिन तक दुष्कर्म किया।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर टीएसआई निलंबित

**मोदीनगर।** मोदीनगर में ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर टीएसआई इश्तेकार अली को निलंबित किया गया है। टीएसआई की ड्यूटी मोदीनगर में राजचौपले पर थी। मोदीनगर में एसीपी ट्रैफिक रितेश त्रिपाठी के निरीक्षण के दौरान राजचौपले के पास जाम मिला। वहां ड्यूटी पर टीएसआई भी नहीं थे।

उन्होंने रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी। जिस पर निलंबन की कार्रवाई हुई। त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में लोगों की भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। व्यवस्थाओं को जांचने के लिए बृहस्पतिवार दोपहर को एसीपी ट्रैफिक मोदीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने कादराबाद से लेकर सीकरी कलां तक हाईवे पर सभी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक की। इस दौरान राजचौपले पहुंचने पर जाम लगा मिला। ड्यूटी में टीएसआई इश्तेकार की लापरवाही मिली। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि इश्तेकार को निलंबित किया गया है। ड्यूटी पर लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी।

# दिल्ली में बर्न विभाग तैयार, दिवाली को लेकर अस्पताल अलर्ट

## डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द; बनाए गए स्पेशल काउंटर

नई दिल्ली। दिवाली के दौरान होने वाली आगजनी की घटनाओं में घायलों को तुरंत इलाज देने के लिए अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। अस्पताल के बर्न विभाग व इमरजेंसी के सभी डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। सभी अस्पतालों में इन मरीजों के लिए बिस्तर आरक्षित किए गए हैं। स्पेशल काउंटर भी बनाए गए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक, एम्स, सफदरजंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक में विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा लोकनायक, जीटीबी, डीडीयू, बाबा साहेब अंबेडकर, संजय गांधी, इंदिरा गांधी, बुराड़ी अस्पताल सहित दिल्ली के अन्य बड़े अस्पतालों में भी बर्न वार्ड को अलर्ट पर रखा गया है। इन विभाग व वार्ड में ऐसे मरीजों के लिए अलग से बिस्तर आरक्षित किए गए हैं। साथ ही स्टाफ को ऑन ड्यूटी पर रहने का आदेश दिया गया है।




एम्स से मिली जानकारी के मुताबिक बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी ब्लाक में नियमित मरीज को भर्ती नहीं किया जा रहा। यहां पर केवल गंभीर मरीज की भर्ती की जा रही है। दिवाली को लेकर यहां अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। स्टाफ की छुट्टी रद्द कर दी गई है।

वहीं सफदरजंग अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. शलभ ने बताया कि ब्लॉक में ऐसे मरीजों के लिए अलग से 20 बेड की व्यवस्था की गई है।

ऐसा देखा गया है कि पटाखों से हाथ जलने की घटनाएं सबसे ज्यादा आती है। इसके अलावा चेहरा झुलसना व अन्य दिक्कत भी आते हैं। इनके प्राथमिक उपचार के लिए चार काउंटर खोले गए हैं। कम जले मरीजों को इलाज के बाद जल्दी छुट्टी दे दी जाएगी।

### पिछले साल आए थे सैकड़ों मामले

हर साल दिवाली में लोग घायल होकर आते हैं। सफदरजंग में पिछले 97 मरीज झुलसकर आए थे। इसमें 61 पटाखों से और 37 मरीज दीयें से झुलसे थे। वहीं एम्स में 65 मरीज इलाज करवाने आए थे। इसमें से नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। जिसमें से सात लोगों की मौत हो गई थी।

# जिम से घर जा रहे छात्र को मारी तीन गोली

## पुलिस को रंजिश की आशंका; सीसीटीवी कैमरे से खुलेगा राज

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में शुक्रवार सुबह जिम से घर जा रहे स्नातक के एक छात्र पर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली छात्र के कंधे, पेट और जांघ में लगी है। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित अभी बयान देने की हालत में नहीं है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने आपसी रंजिश की आशंका जताई है। पुलिस हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

घायल छात्र की पहचान पीयूष मान (21) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ होली चौक, अलीपुर में रहते हैं। उनके पिता का देहांत हो चुका है। वह स्नातक दूसरे वर्ष का छात्र हैं। शुक्रवार रात करीब पौने आठ बजे पुलिस को फिरनी रोड पर स्थित एक जिम के पास एक युवक को गोली मारे जाने की जानकारी मिली।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक लोगों ने लहूलुहान छात्र को पास के अस्पताल में भर्ती करा चुके थे। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि छात्र के कंधे, पेट और जांघ में गोली लगी है। वह अभी बयान देने की हालत में नहीं है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

घटनास्थल पर पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि पीयूष घटना के समय जिम से निकलने के बाद घर जा रहा था। इसी दौरान बाइक से आए तीन युवकों ने उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने के बाद पीयूष घायल होकर गिर गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन कर दिया है। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस पीड़ित छात्र के परिवार वालों से भी पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पीयूष का किसी से कोई झगड़ा तो नहीं चल रहा है। पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

### रंजिशन किया था अधिवक्ता पर जानलेवा हमला

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन में अधिवक्ता उमेश गुप्ता पर छह लोगों ने जानलेवा हमला किया। हमले में उमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावरों ने वैगनआर कार से आकर राजनगर एक्सटेंशन में ओवरटेक करके उन्हें रोका और बेरहमी से पिटाई की। लोनी में सचिन के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर निरीक्षण के दौरान कार्यवाही से नाराज होकर रंजिशन उसने ही अपने साथियों से उमेश गुप्ता पर हमला कराया था। मामले में नंदग्राम पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश में पुलिस जुटी है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि अधिवक्ता उमेश गुप्ता स्वास्थ्य विभाग में कानूनी सलाहकार हैं और जिला स्तर पर अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच करते हैं। कुछ समय पहले उन्होंने लोनी में सचिन के अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया था। सचिन को डर था कि वह उसका लाइसेंस निरस्त न कर दें। इसके लिए उसने पूर्व में उन्हें धमकी भी दी थी। चार नवंबर को उसने लोनी के प्रवेश गुर्जर, तोपेश उर्फ विनय तोमर, विजय उर्फ भीष्म, सचिन, अतुल त्यागी और संजय ने उमेश को राजनगर एक्सटेंशन में रोककर लाठी-डंडों से पीटा। उनके बेहोश होने पर सभी फरार हो गए। मामले में बाद में उन्होंने नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पूछताछ में बताया कि वारदात में प्रयुक्त कार में ही वह महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करते हैं।

# पेट्रोल पंप में लूट करने वाला मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ 7 नवंबर को हुई लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया है। उसके कब्जे से लूटे गए करीब ढाई लाख रुपए वारदात में इस्तेमाल हुई बाइक और एक कंट्री मेड पिस्टल मिली है। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है।

गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच शुक्रवार रात को मुड़भेड़ हुई है। इस मुड़भेड़ में अमित नाम के बदमाश को पुलिस की गोली लगी है। वहीं उसका साथी बदमाश लेपर्ड फरार हो गया है। इन दोनों में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 7 तारीख में पेट्रोल पंप कर्मचारियों से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इन बदमाशों के कब्जे से वारदात में शामिल सफेद बाइक, कंट्री मेड पिस्तल और करीब ढाई लाख रुपए बरामद किए हैं। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह के मुताबिक 7 तारीख को थाना इंदिरापुरम की चौकी नीति खंड क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों से लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस वारदात में करीब 9 लाख 56 हजार रुपए लूट कर बदमाश फरार हो गए थे।

### सीने में दर्द के बाद बेहोश होकर गिरे सजायाफ्ता की उपचार के दौरान मौत

गाजियाबाद। डासना जेल में बंद सजायाफ्ता कैदी विष्णु के सीने में अचानक दर्द होने से मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह नाश्ता करने के बाद विष्णु बैरक में घूम रहा था। अचानक वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसे तुरंत जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत बिगड़ गई। उसके बाद संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि बंदी को सुबह 10: 30 बजे लाया गया था, उसे सांस लेने में परेशानी हो रही थी। भर्ती कर इलाज शुरू किया गया था।

# नोएडा में फोनरवा के चुनाव स्थगित

## पदाधिकारियों की शिकायत के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार ने शिकायतों का निपटारा होने तक रोक लगाई

**नोएडा।** डिप्टी रजिस्ट्रार ने फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगा दी। कई सेक्टर की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने इस बारे में शिकायत की थी। डिप्टी रजिस्ट्रार ने शिकायतों के निपटारा होने तक निर्वाचन की कार्यवाही स्थगित करने के आदेश दिए है।

सेक्टर-27 के बी ब्लॉक निवासी मनीष शर्मा, सेक्टर-27 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजीव गर्ग, सेक्टर-61 के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजीव चौधरी और फोनरवा के संस्थापक सदस्य पीएस जैन ने अनियमितताएं का जिक्र करते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार से शिकायत की। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निपटारा होने के बाद ही फोनरवा का चुनाव कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने उक्त अनियमितताओं से जिला प्रशासन को भी अवगत कराया। जिला प्रशासन ने भी शिकायतों का निपटारा करने के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार को शिकायत पत्र प्रेषित किया।

डिप्टी रजिस्ट्रार ने पत्र के माध्यम से कहा कि फोनरवा द्वारा दो नवंबर 2023 के पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि डिप्टी कार्यालय का पत्र 26 अक्तूबर 2023 और 31 अक्तूबर 2023 के पत्र के साथ समस्त संलग्नक पत्र प्राप्त नहीं हुए है। अब समस्त पत्र संलग्रक करके इस आशय के साथ फोनरवा को प्रेषक किए जा रहे हैं कि सभी शिकायत पत्रों के प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर साक्ष्य के साथ स्पष्ट जवाब प्रस्तुत करना होगा।

### क्या है विवाद इसे समझे

इस चुनाव की प्रक्रिया में फोनरवा के सदस्यों की सदस्यता और फोनरवा के कार्यकाल की वैधता को लेकर विवाद की विभिन्न स्तरों से शिकायतें डिप्टी रजिस्ट्रार तक पहुंच रही थीं। इसके साथ ही चुनाव अधिकारियों के रवैया और कार्यप्रणाली को लेकर भी राजीव गर्ग पैनल की तरफ से सवाल उठाए जा रहे थे। आरोप है कि चुनाव अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। डिप्टी रजिस्ट्रार ने फोनरवा को निष्पक्ष निर्वाचिन करने के निर्देश दिए हैं।

# नोएडा में धन तेरस पर व्यापारियों के खिले चेहरे

## 1200 गाड़ियों की हुई डिलवरी, 2000 करोड़ के आसपास हुआ व्यापार

नोएडा। बारिश के बीच नोएडा में धन तेरस पर जमकर खरीदारी की जा रही है। अनुमान के मुताबिक दो दिनों में करीब 2000 करोड़ रुपए के व्यापार हुआ है। की उम्मीद है। ये पिछले साल से दो गुना है। बताया गया कि पिछले साल तक कोरोना का इफेक्ट्स बाजार पर दिखा था। लेकिन इस बार त्योहार पर लोग जमकर खरीदारी कर रहे है। जुलरी से लेकर ग्रोसरी, कपड़े , हार्डवेयर , इलेक्ट्रानिक का सामान जमकर खरीदा जा रहा है।

नोएडा के अट्टा बाजार पर धन तेरस पर सुबह से भीड़ रही। हालांकि बीच-बीच में हो रही बारिश ने थोड़ा माहौल फीका किया। लेकिन लोगों ने भी कहा कम से कम प्रदूषण ये निजात तो मिला। लोगों ने बारिश का लुत्फ लिया और शॉपिंग की। शात तक शहर बाजारों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। जुलरी शॉप से लेकर कपड़े और सजावटी समानों पर जमकर लोगों की भीड़ रही।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के दिल्ली-एनसीआर संयोजक और सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि कुल कारोबार में फूड और किराना की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत रह सकती है। आभूषण की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत रहने की संभावना है। गारमेंट सेक्टर में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी हो सकती है। इसके अलावा ऑटो मोबाइल सेक्टर में लोगों के चेहरे खिले दिखे।



इस बार धन तेरस पर करीब दो हजार वाहनों की डिलवरी कराई गई। इसमें 1100 दोपहिया और 900 चार पहिया वाहन शामिल है। इसमें एक करोड़ रुपए से ज्यादा करीब 25 लग्जरी कार भी शामिल है।

जिनका रजिस्ट्रेशन ARTO में हुआ। अलग-अलग ट्रेड की बात करे तो इस बार दो दिनों में ग्रोसरी की हिस्सेदारी 300 करोड़ रुपए हो सकती है। आभूषण की हिस्सेदारी 200 करोड़ रुपए, परिधान क्षेत्र की हिस्सेदारी 150 करोड़ रुपए होने की संभावना है। 100 करोड़ ड्राई फ्रूट के हो सकते हैं।

### पीएमओ कार्यालय की बात ठुकरायी, अनशन खत्म करने से किया इन्कार

साहिबाबाद। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग पर 13 दिनों से अनशन कर रहे जनसंख्या नियंत्रण फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी को पीएमओ कार्यालय से शुक्रवार को बुलावा आया। अनशन होने की वजह से अनिल चौधरी नहीं गए, लेकिन तीन सदस्यीय टीम पीएमओ कार्यालय पहुंचे। वहां पीएमओ सचिव मुकुल दीक्षित ने अनशन खत्म कराने की बात कही जिसे प्रतिनिधिमंडल ने अस्वीकार कर दिया। पीएमओ सचिव से मिलने जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की अंतरराष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल एवं नरेन्द्र त्यागी पहुंचे थे। ममता सहगल ने बताया कि चर्चा में मुकुल दीक्षित ने बताया कि वह फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत सभी बिन्दुओं को उच्च स्तर पर रखेंगे। इस आधार पर अनिल चौधरी का अनशन तुड़वाने का आग्रह किया, जिसे प्रतिनिधिमंडल ने अस्वीकार कर दिया।

# मानसिक विक्षिप्त की हत्या कर 90 लाख हड़पने का मामला

## आरोपी का पारसौल में अहमदाबाद पुलिस ने खंगाला रिकॉर्ड

**जेवर।** मानसिक विक्षिप्त की हत्या कर स्वयं को मृत दर्शाकर 90 लाख हड़पने वाले आरोपी का अहमदाबाद पुलिस ने दनकौर कोतवाली क्षेत्र के पारसौल गांव के कॉलेज में शुक्रवार रात पहुंचकर रिकॉर्ड खंगाला है। किसान इंटर कॉलेज से आरोपी का प्रामाणिक रिकार्ड लेने के बाद अहमदाबाद क्राइम ब्रांच पुलिस ने बताया कि आरोपी ने वास्तविक नाम बदलकर दूसरे नाम से लाइसेंस और आधार कार्ड बनवा रखे थे।

क्राइम ब्रांच अब इस मामले में आरोपी के अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

अहमदाबाद की क्राइम ब्रांच पुलिस के अनुसार, पारसौल गांव के मूल निवासी अनिल मलिक ने 3 जुलाई 2006 में आगरा के इलाके में एक मानसिक विक्षिप्त भिखारी को खाना खिलाने का लालच देकर कार में बिठाया और नशे की गोलियां खाने में मिला दी। जिससे वह बेहोश हो गया था। उसके बाद कार में आग लगा दी थी। कार में जले व्यक्ति की शिनाख्त परिजनों ने प्लान के तहत अनिल मलिक के रूप में की थी। अनिल ने इस कार्य में अपने पिता भाई और दोस्तों का भी साथ लिया।

इसके बाद रिकार्ड में स्वयं को मृत दर्शाकर आरोपी ने अपने नाम बीमा पॉलिसी के 80 लाख रुपये और कार बीमा के 10 लाख रुपये की बीमा राशि फर्जीवाड़ा कर हड़प लिए थे। दो बीमा कंपनियों को 90 लाख रुपये का चूना लगाकर अनिल मलिक गुजरात के अहमदाबाद में रह रहा था।

घटना के 17 वर्ष बाद पुलिस को जांच के दौरान उसकी हरकतों पर शक हुआ और छानबीन में इस मामले का खुलासा हुआ।

शुक्रवार को दनकौर पहुंची अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि अनिल मलिक ने अपना नाम चौधरी राजकुमार रख लिया था।

# संपादकीय

## दिल्ली की जहरीली हवा से सरकार व अदालतें चिंतित

दिल्ली में प्रदूषण पूरे वर्ष किसी न किसी रूप में लगातार कायम रहता है और वह चिंता के स्तर से ऊपर ही होता है, मगर इस मौसम में जब यह एक संकट के रूप में तब्दील हो जाता है और सार्वजनिक चर्चा का मुद्दा बन जाता है, तब सरकार भी फिक्र जताने लगती है। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की हवा सांस लेने लायक भी नहीं रह गई है और इसे लेकर सरकार से लेकर अदालतें तक चिंतित दिख रही हैं, तो यह स्वाभाविक है। मगर हकीकत यह है कि ऐसी स्थिति कोई पहली बार या अचानक नहीं पैदा हुई है। हर वर्ष इस दौरान ठंड की शुरुआत के साथ ही हवा में जहर घुलना शुरू हो जाता है और तब तक इस मसले पर उदासीनता बरती जाती है, जब तक लोगों का दम न घुटने लगे।

यों दिल्ली में प्रदूषण पूरे वर्ष किसी न किसी रूप में लगातार कायम रहता है और वह चिंता के स्तर से ऊपर ही होता है, मगर इस मौसम में जब यह एक संकट के रूप में तब्दील हो जाता है और सार्वजनिक चर्चा का मुद्दा बन जाता है, तब सरकार भी फिक्र जताने लगती है। इस वर्ष भी दिल्ली सरकार की ओर से प्रदूषण की समस्या पर काबू पाने के लिए धुआंरोधी टावर लगाने से लेकर सड़क पर वाहनों की संख्या को नियंत्रित करने जैसी कई घोषणाएं की गई, लेकिन जमीन पर उसकी हकीकत किसी से छिपी नहीं है। कई जगहों पर धुआंरोधी टावर बेकार पड़े हैं तो वाहनों की आवाजाही पर लगाम लगाने की योजना का भी कुछ ठोस हासिल सामने नहीं आया।

इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक बार फिर सख्ती दिखाई और दिल्ली सहित पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। अदालत ने साफतौर पर कहा कि पराली जलाने पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए; हमारे दखल के बाद ही इस मसले पर काम होता है। यानी जो काम सरकारों के नियमित दायित्व में शामिल होना चाहिए, उसके लिए अदालतें उन्हें याद दिलाती हैं।

जबकि दिल्ली में प्रदूषण अब हर वर्ष की एक नियमित मुश्किल बन चुकी है। विडंबना यह कि इस समस्या से राहत के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदम आमतौर पर दिखावे के साबित होते हैं और लोगों की मुश्किल में तभी कुछ कमी देखी जाती है, जब किसी वजह से बारिश हो जाए है या फिर हवा चलने लगे। प्रदूषण के गहराते संकट का सामना करने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की बात भी की जाती रही है, मगर सड़क पर वाहनों से पानी की बौछारों के जरिए धूल को काबू में करने की लगभग बेअसर कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं हो पाता। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को काबू में करने के लिए सड़कों पर वाहनों की संख्या नियंत्रित करने के मकसद से सम-विषम व्यवस्था लागू करने की भी घोषणा की थी। मगर सुप्रीम कोर्ट ने इसकी उपयोगिता पर सवाल उठाए हैं।

फिलहाल दिल्ली सरकार ने सम-विषम पर अमल को टाल दिया है। हालांकि गुरुवार को बारिश और हवा की वजह से दिल्ली में प्रदूषण में कमी आई, लेकिन कहना मुश्किल है कि यह स्थिति कितने दिन कायम रहेगी। सवाल है कि संकट के बेकाबू हो जाने पर तात्कालिक उपायों के जरिए राहत पाने की कोशिशों से क्या हासिल होने वाला है। इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर ठोस पहल क्यों नहीं की जाती? सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर तीखे सवाल उठाए हैं। जिन इलाकों में पराली जलाने के ज्यादा मामले पाए जाते हैं, उनमें पराली प्रबंधन को लेकर कोई वैकल्पिक नीति क्यों नहीं बनाई जा सकती? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि दिल्ली का प्रदूषण अब ऐसी शक्ल लेने लगा है, जिसमें कभी भी आपात अवस्था जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। इसलिए समय रहते दिल्ली सहित आसपास के राज्यों की सरकारों को आपस में मिल कर इस समस्या के दीर्घकालिक हल की योजना पर काम करना होगा।

## पाकिस्तान की फितरत!

पाकिस्तान आए दिन दुनिया भर में खुद को एक पीड़ित देश के रूप पेश करता रहता है और भारत पर निराधार आरोप लगाता है, मगर सीमा पर नाहक गोलीबारी की लगातार घटनाओं के बावजूद न तो उसे किसी को इसका कारण बताने की जरूरत महसूस होती है और न ही वह इस बारे में कोई सफाई देता है।

पाकिस्तान ने सीमा पर अपनी जिस तरह की हरकतें जारी रखी हुई हैं, उससे उसकी मंशा साफ नजर आ रही है। हालांकि यह एक तरह से उसकी फितरत बन गई है कि वह नाहक ही भारत को उकसाने के लिए कभी भारतीय सीमा में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वालों को संरक्षण देता है तो कभी घुसपैठ करने में मदद करता है।

भारत आमतौर पर ऐसी समस्या से अपने स्तर पर निपटता है और आतंकवाद का सामना करता है। लेकिन भारत की इसी सहनशीलता का फायदा पाकिस्तान उठाने की कोशिश करता है। अब उसका दुस्साहस इस कदर बढ़ चुका है कि बिना किसी उकसावे के वह भारतीय सीमा में नाहक ही गोलीबारी करना शुरू कर देता है। यानी एक तरह से युद्ध जैसे हालात पैदा करने की कोशिश करता है। बुधवार को देर रात जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी रेंजरों ने बेवजह ही गोलीबारी शुरू कर दी।

इसका सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मगर पाकिस्तानी गोलीबारी की जद में आने की वजह से एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई।यह कोई पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने इस तरह की बेलगाम और अराजक हरकत की हो। फिलहाल द्विपक्षीय सहमति के बावजूद पिछले चौबीस दिनों में यह तीसरी बार है जब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से नियमों को ताक पर रख कर युद्ध विराम का उल्लंघन किया गया। गौरतलब है कि 25 फरवरी 2021 को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था। तब से बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की सीमा के भीतर से भारत की ओर नाहक गोलीबारी की यह छठी घटना है। हाल ही में जम्मू के अरनिया और सुचेतगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान ने करीब सात घंटे तक लगातार गोलीबारी की थी। तब भी बीएसएफ के जवानों ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया था।

मगर बार-बार मुंह की खाने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आए दिन बुरी तरह फजीहत होने के बावजूद पाकिस्तान अपनी आदत से बाज आने को तैयार नहीं है। दुनिया के ताकतवर देशों के सामने और संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर वह भारत पर अंगुली उठाता रहता है, मगर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और सीमा पर स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों का खयाल रखना उसे कभी जरूरी नहीं लगता। हैरानी की बात यह है कि पाकिस्तान आए दिन दुनिया भर में खुद को एक पीड़ित देश के रूप पेश करता रहता है और भारत पर निराधार आरोप लगाता है, मगर सीमा पर नाहक गोलीबारी की लगातार घटनाओं के बावजूद न तो उसे किसी को इसका कारण बताने की जरूरत महसूस होती है और न ही वह इस बारे में कोई सफाई देता है।

सवाल है कि अगर बिना किसी वजह के पाकिस्तान की ओर से ऐसी लगातार हरकतों के बाद भारत उसे उकसावे की कार्रवाई बताए और इस पर उचित प्रतिक्रिया दे, तब इसे कैसे देखा जाएगा! मगर भारत अपनी ओर से अधिकतम स्तर तक धीरज कायम रखता है और पाकिस्तान के चरित्र और उसकी हरकतों के बारे में संयुक्त राष्ट्र को बताता है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि कई आतंकी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। अब घोषित तौर पर युद्ध विराम को धता बताते हुए भारत की ओर नाहक गोलीबारी करके क्या पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों के समांतर ही दिखना चाहता है? यह बेवजह नहीं है कि पाकिस्तान की शिकायतों को अब आमतौर पर निराधार माना जाता है और शायद ही कोई देश उसकी बात को गंभीरता से लेने को तैयार है।

# दिवाली का बदला स्वरूप



**दिवाली के शुभ अवसर पर हमारे देश में रोशनी, मिठाईयां, सुख-समृद्धि और सौभाग्य की बात करने की परंपरा है लेकिन विडंबना ये है कि आज के दौर में दिवाली के मायने पूरी तरह बदल गये हैं। दिवाली का बदला स्वरूप अब खुशियों के बजाय प्रदूषण और जाम की चिंता लेकर आता है। दिवाली की सांस्कृतिक परंपराएँ लुप्त नहीं हुई हैं बल्कि आधुनिक संवेदनाओं के अनुरूप ढल गई हैं। इसमें सांस्कृतिक जड़ों और समकालीन सौंदर्यशास्त्र का एक आकर्षक मिश्रण है।**

**-प्रियंका सौरभ**

पुराने दिनों में, दिवाली के दौरान उपहार देने का मतलब घर में बनी मिठाइयाँ और सद्भावना के साधारण प्रतीक बाँटना था। आज उपहार देने की कला ने एक ग्लैमरस अवतार ले लिया है। पारंपरिक मिठाई और दीयों के साथ-साथ, आपको बढ़िया वाइन, लक्ज़री चॉकलेट और हाई-एंड गैजेट जैसे आधुनिक उपहार भी मिलेंगे। शराब, जो एक समय एक असामान्य उपहार था, ने पारंपरिक प्रसाद के साथ-साथ अपना स्थान बना लिया है। दिवाली परंपरा और इतिहास में गहराई से निहित है, यह कई कारणों से समकालीन भारत और दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों के बीच अत्यधिक प्रासंगिक बनी हुई है। दिवाली लाखों लोगों, विशेषकर अपने देश से दूर रहने वाले लोगों के लिए सांस्कृतिक पहचान और विरासत की याद दिलाने का काम करती है। यह उनकी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखने में मदद करता है। हिंदू, जैन, सिख और बौद्धों के लिए, दिवाली धार्मिक महत्व रखती है और प्रार्थना, चिंतन और देवताओं से आशीर्वाद लेने का समय है।

दिवाली परिवारों, पड़ोसियों और दोस्तों के बीच समुदाय और जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देती है जो जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हैं। यह एकता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है। दिवाली एक महत्वपूर्ण आर्थिक घटना है, जिसमें उपहार, कपड़े और उत्सव के खाद्य पदार्थों पर उपभोक्ता खर्च बढ़ता है। इसका खुदरा और पर्यटन सहित विभिन्न उद्योगों पर आर्थिक प्रभाव भी पड़ता है। दिवाली दुनिया भर में भारतीय समुदायों द्वारा मनाई जाती है, जिससे यह एक वैश्विक त्योहार बन जाता है जो सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। इसे कई देशों में मान्यता प्राप्त है और मनाया जाता है। पुराने दिनों में, त्योहार देवताओं से आशीर्वाद लेने, अपने कार्यों पर विचार करने और अनुष्ठानों और प्रार्थनाओं के माध्यम से पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने का समय था। आज, आप देखेंगे कि दिवाली में एक उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। जबकि आध्यात्मिक सार बना हुआ है, यह त्योहार एक जीवंत, समकालीन उत्सव के रूप में विकसित हुआ है। आज, यह कॉकटेल की खुशबू, संगीत की झनकार और पार्टियों की जीवंतता के बारे में है।




लोगों ने अपना ध्यान धार्मिक अनुष्ठान की गंभीरता से हटाकर सामाजिक समारोहों की मौज-मस्ती पर केंद्रित कर दिया है। नृत्य, संगीत और हँसी-मजाक के साथ दिवाली पार्टियाँ अब एक प्रमुख विशेषता बन गई हैं। दिवाली की सांस्कृतिक परंपराएँ लुप्त नहीं हुई हैं बल्कि आधुनिक संवेदनाओं के अनुरूप ढल गई हैं। इसमें सांस्कृतिक जड़ों और समकालीन सौंदर्यशास्त्र का एक आकर्षक मिश्रण है। पुराने दिनों में, दिवाली के दौरान उपहार देने का मतलब घर में बनी मिठाइयाँ और सद्भावना के साधारण प्रतीक बाँटना था। आज उपहार देने की कला ने एक ग्लैमरस अवतार ले लिया है। पारंपरिक मिठाई और दीयों के साथ-साथ, आपको बढ़िया वाइन, लक्ज़री चॉकलेट और हाई-एंड गैजेट जैसे आधुनिक उपहार भी मिलेंगे। शराब, जो एक समय एक असामान्य उपहार था, ने पारंपरिक प्रसाद के साथ-साथ अपना स्थान बना लिया है। हाल के वर्षों में, दिवाली के दौरान पटाखों के पर्यावरणीय प्रभाव और प्रदूषण के बारे में जागरूकता बढ़ी है।

इससे पर्यावरण-अनुकूल और शोर-मुक्त समारोहों को बढ़ावा देने की पहल हुई है। आधुनिक दिवाली उत्सव में पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति बढ़ती जागरूकता भी शामिल है। अतीत में, पटाखे आम थे, और रात का आकाश रंगीन प्रदर्शनों से जगमगा उठता था।

अब, पर्यावरण-अनुकूल उत्सवों की ओर बदलाव हो रहा है, जिसमें कई लोग वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए मूक या कम उत्सर्जन वाली आतिशबाजी का चयन कर रहे हैं, या यहां तक कि उनसे पूरी तरह परहेज कर रहे हैं। देखे तो दिल्ली के प्रदूषण को लेकर कई सरकारी संस्थाओं के रिपोर्ट में कहीं पर भी पटाखे को लेकर साधारण उल्लेख तक नहीं है। दिल्ली, आईआईटी, कानपुर आईआईटी, टिहरी के अलग-अलग रिपोर्ट में प्रदूषण के मुख्य कारण और उनका अनुपात का रिपोर्ट आप को एक गूगल सर्च में मिल जाएगा। पटाखे तो बहाना है, हिंदू निशाना है। हिंदू संस्कृति निशाने पर है।

हिंदुओं के विभिन्न उत्सव एवं परंपराओं को पहले ही निशाना बनाया गया है। हिंदुस्तान के विभिन्न महानगरों और राज्यों में पटाखों प्रतिबंध के लिए जो लोग आगे आ रहे हैं उसमें गैर हिंदुओं का याचिकाकर्ता होना। जिन संस्थाओं ने पटाखे का विरोध किया है वह विदेशी फ़ंडिंग लेने वाली हैं।

विशेष बात यह है कि उन देशों में पटाखों पर बैन नहीं हैं। सरकारी संस्थाओं के रिपोर्ट में प्रदूषण के लिए आतिशबाजी ज़िम्मेदार नहीं है, पर मीडिया रिपोर्ट में है। मतलब यह रिपोर्ट प्रभावित है। देश में वायु प्रदूषण को लेकर चर्चा 2010 से ज़्यादा होने लगी तभी से मार्केट में एअर प्यूरिफायर्स का बड़े पैमाने पर बिक्री के लिए उपलब्ध होना क्या दर्शाता हैं? इसलिए लापरवाह सिस्टम के सामने देश का आम इंसान लाचार और बेबस नज़र आता है। आधुनिक दौर में दिवाली के त्यौहार के साथ पटाखों का गहरा रिश्ता है। हालांकि पटाखों से ज़्यादा ताकत दीयों में होती है। क्योंकि दीयों की रोशनी देर तक बनी रहती है।। और इनसे प्रदूषण भी नहीं होता।

आधुनिक दिवाली एक गतिशील उत्सव है जो पुरानी दुनिया के आकर्षण को समकालीन संवेदनाओं के साथ संतुलित करता है। यह त्योहार के सार को जीवित रखते हुए लोगों की बदलती जीवनशैली और प्राथमिकताओं को दर्शाता है – अंधेरे पर प्रकाश की विजय, बुराई पर अच्छाई और एकजुटता की स्थायी भावना जो दिवाली के मौसम को परिभाषित करती है। दिवाली, रोशनी का त्योहार, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का सार समाहित करता है। इसकी गहरी जड़ें जमा चुकी परंपराएं, पौराणिक उत्पत्ति और स्थायी प्रतीकवाद भौगोलिक सीमाओं को पार करते हुए सभी पृष्ठभूमि के लोगों के बीच गूंजता रहता है।

दिवाली सिर्फ एक त्योहार नहीं है; यह प्रकाश, ज्ञान, एकता और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है। यह हमें हमारे जीवन में आंतरिक रोशनी, करुणा और एकजुटता के महत्व की याद दिलाता है। जैसे-जैसे हर साल दिवाली नजदीक आती है, यह अपने साथ आशा, खुशी और सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य का वादा लेकर आती है।

## दीपों की रोशनी से जग में उजियारा फैलायें

दीपावली आशाओं के दीप जलाकर निराशा के अंधियारे को मिटाने का अवसर है। सकारात्मक सोच और अच्छे परिणाम की आशाओं को को लेकर कठिन परिश्रम और मनोबल के साथ जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति करना ही दीपावली मनाने का सत्यार्थ प्रयोजन है। दीपावली का हर दीपक आशाओं का आकांक्षाओं का और महत्वाकांक्षाओं केनिहितार्थ होता है। श्रम से अपने सभी प्रयास सफल कर हर उस आकांक्षा को फलिभूत करना होगा जिसकी हमने परिकल्पना की थी।

आओ हम सब मिलकर आशाओं के दीप जलाएं खुशियों की दीपावली को द्विगुणित करें। पौराणिक कथाओं के अनुसार दीपावली भगवान रामचंद्र जी 14 वर्षों के वनवास के बाद समस्त बुराइयों के प्रतीक रावण के वध के पश्चात अयोध्या लौटने पर इनका अयोध्या वासियों द्वारा घी की दीपमालाओं को नगर में कतार में लगाकर स्वागत किया गया था। राजा रामचंद्र जी सद्गुणों,अच्छाइयों, धैर्य,संयम और देव तुल्य सद्गुणों के न सिर्फ प्रतीक माने जाते हैं बल्कि स्वयं सिद्ध देवता भी हैं, जिन्होंने संपूर्ण जगत को रावण जैसी अनंत बुराइयों से मुक्त कराया था।

आज उसी परंपरा पारीपाटी कों शिरोधार्य करते हुए मेहनतकश कुम्हारों और मां धरती की मिट्टी से बने पवित्र दीपों से उद्दीप्त करके समस्त सद्गुणों को द्विगुणित करने के लिए यह त्यौहार समस्त ऊर्जा और उत्साह से मनाते हैं। जगत वासी एक दूसरे से मिलकर बुराइयों के प्रतीकों को नष्ट करने का संकल्प लेकर एक दूसरे का मुंह मीठा भी कराते हैं, एवं औपचारिक तौर पर एक-दूसरे को उपहार देने का उपक्रम भी किया जाता है। गहन तमस पर उजाले की जीत का पर्व ही दीपावली है। सही मायने में दीपावली में हमें अपने घरों को माटी के दीपों से उज्जवल इत कर अपने व्यक्तित्व को ज्ञान के दीप से उद्दीप्त करना चाहिए। ऋषि मुनि ऐसा कह गए हैं कि शरीर को एक दिन इसी माटी में मिल जाना है और व्यक्तित्व तथा मस्तिष्क के ज्ञान की जो अविरल धारा आपके जीवन में बहेगी वह अनवरत कई पीढ़ियों तक सुदीप्त होती रहेगी, मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है इसी तरह जीवन में प्रकाश भी चाहे वह दीपों से हो या ज्ञान से हो जीवन को प्रकाशमान करते रहना होगा।

दीपावली मूलतः प्रकाश का त्यौहार है। पौराणिक कथाओं के अनुसार धन, समृद्धि, विघ्न हरण एवं ऐश्वर्य के प्रतीक भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की श्रद्धा पूर्वक पूजा करते हैं एवं दीपावली के एक दिन पूर्व धनत्रयोदशी या धनतेरस अति शुभ माना जाता है।

इस दिन लोग स्वर्ण अथवा रजत के आभूषण खरीदना अत्यंत शुभ लक्षण मानते हैं।

इसके पीछे भी एक पौराणिक कथा है माना जाता है कि समुद्र मंथन के पश्चात लक्ष्मी जी की इसी दिन से उत्पत्ति हुई थी, इसीलिए इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा धूमधाम से की जाती है। समुद्र मंथन से ही धनवंतरी जिन्हें औषधि विज्ञान का अविष्कारक माना जाता है की उत्पत्ति कार्तिक मास की त्रयोदशी मुहूर्त में हुई थी, इसीलिए धनवंतरी के नाम पर धनतेरस पर्व रखा गया है।




# दीपावली महापर्व पर मां लक्ष्मी जी को नमन वंदन



दीपोत्सव के मौके पर गणेश लक्ष्मी मां के पूजन से सुख समृद्धि खुशहाली कुबेर खज़ाना व मंगलमय का आशीर्वाद प्राप्त होता है

आओ दीपावली पर्व 2023 पर मां लक्ष्मी से अपने लिए धन कुबेर और भारत माता के लिए नंबर एक अर्थव्यवस्था बनने की मन्नत मांगे – एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया – वैश्विक स्तर पर भारत में मनाए जाने वाले अनेकों पर्वों का महापर्व दीपावली माना जाता है,जो केवल भारत में ही नहीं पूरी दुनियां के कोने-कोने में बसे भारतवंशियों द्वारा बहुत गहरी आस्था के साथ धूमधाम से मनाया जाता है।वैसे तो इस दीपावली पर्व की शुरुआत 10 नवंबर धनतेरस से शुरू होकर 5 दिन तक मनाया जाता है। परंतु मुख्य दिवस दीपावली लक्ष्मी पूजन पर्व 12 नवंबर 2023 को पूरी दुनिया में मनाई जाएगी परंतु अमेरिका के प्रसिद्ध प्रिंट मीडिया पेपर हम हिंदुस्तानी में दिए गए रिपोर्ट में कुछ दिन पहले से ही अमेरिका में रंगारंग कार्यक्रम कर दिवाली महोत्सव की शुरुआत कर दी गई है। वैसे भी भारत सहित दुनियां में रोशनी और प्रकाश पर्व दीपावली का इंतजार बेसब्री से किया जाता है, जिसकी तैयारी बहुत दिनों से की जाती है और मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए इस दिन कई मान्यताओं के अनुसार अपने-अपने विश्वास के साथ कुछ प्रथाएं अपनाई जाती है। हम मीडिया में देखेंगे तो मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए अनेकानेक प्रथाओं को अपनाया जाता है, जिसका अपने-अपने स्तर पर एक महत्व हैं, परंतु दीप, रंगोली और लक्ष्मी पूजन यह तीन कार्य हर घर दुकान ऑफिस या मानवीय स्थान पर किए जाते हैं जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। चूंकि दीपावली पर्व को मानने वाला हर व्यक्ति अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मां लक्ष्मी गणेश का नमन वंदन करते हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,दीपोत्सव के मौके पर गणेश लक्ष्मी मां की पूजन से, सुख समृद्धि खुशहाली कुबेर खजाना वह मंगलमय का आशीर्वाद प्राप्त होता है इसलिए आओ दीपावली पर्व 2023 पर मां लक्ष्मी से अपने लिए धन कुबेर और भारत माता के लिए नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की मन्नत मांगे।

साथियों बात अगर हम दीपावली पर्व 12 नवंबर 2023 पर मां लक्ष्मी गणेशकी पूजा अर्चना करने की करें तो, दिवाली धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का इसी दिन समुद्र मंथन से प्राकट्य हुआ था। यह कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है। रात 12 बजे से प्रातःकाल तक का समय महानिशा काल कहलाता है। इस दिन लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु गणपति, सरस्वती, हनुमान जी का पूजन करना चाहिए। दिवाली की पूजा हमेशा स्थिर लग्न में करनी चाहिए। चार स्थिर लग्न के अलावा भी दो अन्य लग्न ऐसे हैं जिनमें पूजा की जा सकती है।शुभ मुहूर्त-प्रातःकाल 7ः20 से 9ः37 तक वृश्चिक लग्न।दोपहर 1ः24 से 2ः55 तक कुंभ लग्न।शाम को 6 बजे से 7ः57 तक वृषभ लग्न। इस समय सभी लोगों को घरों में पूजा करनी चाहिए।शाम 7ः57 बजे से रात 10ः10 तक भी घरों में पूजा कर सकते हैं।अंतिम शुभ मुहूर्त अर्धरात्रि में 12ः28 से लेकर 2ः45 तक सिंह लग्न में है। जिन लोगों की पूजा किसी कारण से रह जाए वो अंतिम मुहूर्त में भी पूजन कर सकते हैं। माना जाता है कि इस पर्व पर की गई लक्ष्मी पूजा से घर-परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती है। लक्ष्मी जी की पूजा में कुछ खास बातें ध्यान रखी जाएं तो पूजा का फल जल्दी मिल सकता है। हिंदू धर्म में दिवाली का विशेष महत्व है। दिवाली के पर्व को अंधकार पर प्रकाश की विजय के रूप में मनाते हैं। इस दिन मां लक्ष्मी के साथ गणेश की जी विधिवत पूजा की जाती है। दिवाली के दिन पूजा करने के साथ-साथ कुछ ज्योतिषीय उपाय करना भी लाभकारी माना जाता है। सुखी और समृद्ध जीवन के लिए दीपावली के दिन इन उपायों को करने से मां होगा लाभकारी दिवाली के दिन मां लक्ष्मी गणेश जी की नई मूर्ति स्थापित करने के साथ-साथ गणेश-लक्ष्मी यंत्र की स्थापना कर सकते हैं। समृद्धि और बुद्धि के देवता भगवान गणेश को माना जाता है इसकी साथ ही धन-ऐश्वर्य और भाग्य की देवी मां लक्ष्मी है। ऐसे में दिवाली के दिन इस जादुई यंत्र को घर में स्थापित करने से आपकी आय, लाभ, धन और भाग्य दोगुनी हो सकती है। माता लक्ष्मी की आराधना का पर्व दीपावली है, इस दिन लोग धन-धान्य और अन्य चीजों की कामना के लिए भगवान श्री गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं. इसके अलावा लोग भगवान कुबेर और अलग-अलग देवी-देवताओं की भी पूजा करते हैं. लेकिन अगर इस दिन अपने घर की लक्ष्मी की पूजा की जाए तो भी लोगों को मनोवांछित वर का लाभ मिल सकता है। आचार्य बताते हैं कि दीपावली के दिन लोगों को अपने घर की लक्ष्मी की भी पूजा करनी चाहिए। घर की लक्ष्मी की आराधना करने से लोगों को सभी मनोवांछित वर की प्राप्ति होती। एक जानकार बताया कि घर की लक्ष्मी को भी माता लक्ष्मी के बराबर ही माना जाता है और इस दिन अहोरात्रि यानी पूरी रात उनकी पूजा करनी चाहिए। इसके लिए लोगों को चाहिए कि वह अपने घर की लक्ष्मी जिसमें उनकी पत्नी, बेटी, बहन या कोई भी महिला हो सकती है.द्य उन्हें पूरी तरह से तैयार करके किसी आसन पर विराजमान कर दें, फिर उन्हें 16 श्रृंगार कर दें। इसके उपरांत उनके पास धूप, दीप आदि जलकर उनकी पूजा करें।उन्हें किसी मेवा या प्रसाद का भोग लगाएं। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से जो भी कामनाएं मन में रखी होती है, वह अवश्य पूरी होती है, क्योंकि स्त्रियां भी माता लक्ष्मी का ही रूप मानी जाती है और दीपावली के दिन स्त्रियों का काफी महत्व होता है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी को प्रसन्न होती है और वह लोगों को उनकी मनोवांछित कामनाएं का लाभ अवश्य देती हैं। बताया कि इस दिन घर के सभी गहने जेवर की भी पूजा करनी चाइए इसके लिए घर के सोना चांदी आदि से बने जेवरात को किसी बर्तन में निकाल कर पूजा स्थल पर रख दें। उन्होंने बताया कि सोने में भगवान विष्णु का वास होता है। जबकि चांदी में माता लक्ष्मी का वास होता है। इसलिए सोने चांदी का महत्व दीपावली के दौरान काफी होता है और इन जेवरात की पूजा करने से भी भगवान विष्णु।

साथियों बात अगर हम दीपावली महोत्सव में 5 दिनों तक दीप जलाने की करें तो, जिस दीपदान का जिक्र करते ही पूजा-पाठ, धार्मिक आस्था या फिर किसी मांगलिक कार्य का आभास होता है, उसका हिंदू धर्म में आखिर क्या महत्व है? किस कामना के लिए किस तरह दीपदान किया जाता है।हिंदू धर्म में पूजा-पाठ एवं मांगलिक कार्यों के दौरान दीपक को जलाने का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। हिंदू मान्यता के अनुसार दीये के प्रकाश से न सिर्फ अंधेरा बल्कि नकारात्मकता भी दूर होती है। दीये को शुभता और सौभाग्य का कारण माना गया है। यही कारण है कि न सिर्फ दीपावली बल्कि अन्य प्रमुख पर्वों पर तमाम कामनाओं को लिए हुए लोग दीपदान करते हैं। दीपदान के धार्मिक लाभहिंदू मान्यता के अनुसार दीपदान करने पर जो पुण्यफल प्राप्त होता है, उससे व्यक्ति को सुख-सौभाग्य के साथ धन-धान्य और आरोग्य की प्राप्ति होती है। मान्यता है दीपदान के पुण्यफल से आकाल मृत्यु का भय और नवग्रहों का दोष दूर होता है। दीपदान करने पर देवी-देवताओं के साथ पितरों का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## शार्ट न्यूज

### मेरठ के सी ओ पर आपत्तिजनक व्हाट्सएप मैसेज भेजने के आरोप, जांच की मांग

लखनऊ। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने सीओ सिविल लाइन, मेरठ अरविंद चौरसिया द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के बाहर जा कर पत्रकारों को व्हाट्सएप मैसेज भेजे जाने के संबंध में डीजीपी यूपी को शिकायत भेज कर जांच और कार्यवाही की मांग की है. इन व्हाट्सएप मैसेज की प्रति संलग्न कर प्रेषित शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि उन्होंने कंकड़खेड़ा भूमि घोटाले के संबंध में 8 नवंबर 2023 को मेरठ में प्रेस वार्ता की थी. इसके बाद मोबाइल नंबर 9264981749, जो अरविंद चौरसिया का निजी मोबाइल नंबर बताया जाता है, से लगभग 12.30 बजे के आसपास मेरठ के तमाम पत्रकारों को पूर्व इंटेलिजेंस कर्मी देवेंद्र सिंह के संबंध में कुछ व्हाट्सएप मैसेज भेजे गए. इन मैसेज में देवेंद्र सिंह पर आपत्तिजनक व्यक्तिगत टिप्पणियो के साथ ही आजाद अधिकार सेना का भी उल्लेख था. अमिताभ ठाकुर ने आरोप लगाया है कि इन मैसेज का उद्देश्य उनके तथा देवेंद्र सिंह द्वारा कंकडखेड़ा भूमि घोटाले में सामने लाए जा रहे तथ्यों की विश्वसनीयता को कम करना था. उन्होंने इन्हे गंभीर आरोप बताते इनकी उच्चस्तरीय जांच करा कर विधिसमस्त कार्यवाही की मांग की है।

### बलिया: ईंट के प्रहार से अधेड़ की हत्या

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार को मामूली विवाद में ईंट से प्रहार कर अधेड़ की हत्या कर दी गई । पुलिस अधीक्षक शंकरन आनंद ने बताया कि जिले के बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र के रामपुर कला गांव निवासी छोटेलाल गुप्ता कस्बे की ही सरकारी शराब की दुकान के पास चना-भूजा बेचने का कार्य करता था और प्रतिदिन की ही भांति शनिवार को भी वहां भूजा बेच रहा था । तभी शराब खरीदने आए बांसडीह कस्बा निवासी संतोष शर्मा से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया । जिस दौरान संतोष ने छोटेलाल को ईंट से प्रहार करके घायल कर दिया । घटना के बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी मीरा देवी की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए तत्काल प्रभाव से आरोपी संतोष को गिरफ्तार कर लिया है । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### औरैया में डंपर ने दो युवकों को रौंदा, मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के बेला क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक घर से टहलने को निकला था जबकि दूसरा बाइक से वापिस अपने गांव जा रहा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेला क्षेत्र के गांव पुरवा दुजे निवासी हरिओम (18) देर शाम करीब सात बजे अपने घर से बिधूना बेला मार्ग पर टहलने के लिए निकला था, जबकि कन्नौज जिले के ग्राम लुनजीपुर जनखत निवासी महेश चंद्र (24) अपना काम निपटा कर बाइक से अपने घर वापिस जा रहा था। दोनों युवक बिधूना बेला मार्ग पर कसहरी मोड़ के समीप पहुंचे थे कि बेला की ओर से आ रहे डंपर ने उन्हें रौंद दिया। जिससे दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गयी। राहगीरों ने घटना की जानकारी थाना बेला पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### ब्रह्माकुमारी आश्रम में 2 बहनों ने खुदकुशी की

आगरा। आगरा के ब्रह्माकुमारी आश्रम में शुक्रवार देर रात दो सगी बहनों ने सुसाइड कर लिया। एक ही कमरे में अलग-अलग फंदे पर दोनों के शव लटके मिले हैं। शवों में 4-5 फीट की दूरी है। आत्महत्या से पहले दोनों बहनों ने सुसाइड नोट भी लिखा। एक ने 3, जबकि दूसरी ने 1 पेज का नोट लिखा। इसे ब्रह्माकुमारी के ग्रुप और परिजनों को वॉट्सऐप पर भेजा। हालांकि, जब तक परिजन और संस्था के लोग मौके पर पहुंचते तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। आत्महत्या करने वाली दोनों बहनों के नाम एकता और शिखा हैं। 15 साल पहले दोनों ने ब्रह्माकुमारी आश्रम से दीक्षा ली थी। सुसाइड नोट में उन्होंने आश्रम से जुड़ी एक महिला समेत 4 कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया है। इसमें इन चारों पर अनैतिक गतिविधि करने और रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इनमें से 3 आरोपियों गुड्डन, ताराचंद और पूनम को गिरफ्तार कर लिया है। सुसाइड नोट में यह भी आरोप लगाया गया है कि आश्रम में कई बहनों ने पहले भी सुसाइड की है, लेकिन ऐसे मामलों को छिपा लिया जाता है।

### आगरा में प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

आगरा। आगरा में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। आरोपी कंचन का सोनू कुमार से संबंध हो गए थे। महिला का पति अशोक और उसके घरवाले इसका विरोध करते थे। जिसके बाद पत्नी और उसके प्रेमी ने अशोक को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। मामला किरावली का है। पूछताछ में आरोपी कंचन ने बताया कि उसने पहले तो 10 नवंबर की रात को पति की चाय में नशीली दवा मिला दी और फिर बेहोश होने पर प्रेमी सोनू को घर में बुला लिया। इसके बाद दोनों ने मिलकर अशोक की गला दबाकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि पत्नी कंचन के किरावली के ही रहने वाले सोनू कुमार से प्रेम संबंध थे। परिवार और पति अशोक इस संबंध का विरोध करते थे। कंचन ने कई बार घर छोड़ने की कोशिश की। अशोक ने कंचन को कई बार सोनू के साथ देखा था। इस बात पर आए दिन दोनों के बीच झगड़े होते थे। अशोक और परिवार की रोक-टोक से परेशान होकर कंचन ने सोनू के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

### अमरोहा पुलिस ने गरीबों के साथ मनाई दिवाली

अमरोहा। अमरोहा पुलिस गरीब लोगों के साथ दिवाली की खुशियां मना रही है। साथ ही गरीबों को उपहार और मिठाई देकर उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दी। साथ ही गरीब और मजदूर लोगों को अकेला न समझने का भरोसा भी दिलाया। इस कार्यक्रम में अमरोहा एसपी कुंवर अनुपम सिंह और उनकी पत्नी प्रिया दुबे सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि दिवाली का खास त्योहार है। ज्यादातर लोग त्योहार के मौके पर अपनों के बीच रहकर त्योहार मनाते है। लेकिन इस बार उन्होंने स्वयं इस दिवाली के त्योहार को खास और अलग बनाने की कोशिश की है। वह अपनी पत्नी प्रिया दुबे के साथ ईट भट्ठों पर काम करने वाले गरीब और मजदूर लोगों के पास पहुंचे और उनके साथ दिवाली की खुशियां साझा की। इसके साथ ही उन्होंने सभी को उपहार देते हुए मिठाई बांटी। साथ ही सभी को दिवाली की बधाई दी। गजरौला इंस्पेक्टर हरीश वर्धन सिंह ने भी अनाथ आश्रम में जाकर दिवाली मनाई। जहां उन्होंने वहां उपहार वितरित करते हुए सभी अनाथ लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं दी।

### मां को पीटने के बाद बेटे ने लगाई फांसी

झांसी। झांसी में एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। वह अपनी मां से शराब पीने के लिए 100 रुपए की डिमांड कर रहा था। नहीं देने पर मां के साथ मारपीट कर दी। इस पर मां बेटी के घर जाकर सो गई। जब शनिवार सुबह जीजा घर आया तो युवक की लाश कमरे में फंदे पर लटकी हुई थी। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम संतोष कुमार पुत्र नारायण दास अहिरवार था। वह समथर थाना क्षेत्र के पुलिया गांव का रहने वाला था। मृतक के जीजा घनश्याम ने बताया कि संतोष अपनी मां शांति देवी के साथ रहता था। शुक्रवार सुबह से ही संतोष शराब का सेवन कर रहा था। रात को घर आया तो शराब पीने के लिए 100 रुपए की डिमांड करने लगा। मां ने रुपए देने से मना कर दिया। इस बात से आक्रोशित होकर संतोष अपनी मां के साथ मारपीट करने लगा और उनको घर से बाहर निकाल दिया।

# पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे प्रभु श्रीराम, माता सीता और भइया लक्ष्मण

## सीएम योगी, राज्यपाल और डिप्टी सीएम ने किया भव्य स्वागत, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

लखनऊ। 14 वर्ष वनवास के बाद भगवान राम, माता सीता और भइया लक्ष्मण पुष्पक विमान से अपनी अयोध्या लौट आए। यहां भरत और शत्रुघ्न ने गले लगकर भाइयों का स्वागत किया। यह नयनाभिरामी दृश्य शनिवार को अयोध्या में जिसने भी देखा उसके नयन छलक उठे। सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पुष्पक विमान से उतरने के बाद भगवान राम, सीता और लक्ष्मण जी का स्वागत किया। वहीं हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। अपने राम को देख समूची अयोध्या प्रफुल्लित हो उठी।



### सीएम योगी ने खींचा प्रभु श्रीराम का रथ

हेलीपैड से भगवान श्रीराम, माता जानकी, तीनों भाई, बजरंगबली एवं गुरु वशिष्ठ के साथ रथ पर सवार होकर रामकथा पार्क स्थित कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े। जिस रथ पर प्रभु अपनी भार्या और भइयों के साथ सवार थे, उसे स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक खींच रहे थे।

### प्रभु श्रीराम का किया प्रतीकात्मक राज्याभिषेक

रामकथा पार्क पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री जयवीर सिंह, राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आरती उतारकर प्रभु श्रीराम, माता सीता, वीर लक्ष्मण, गुरु वशिष्ठ और बजरंगबली का वंदन अभिनंदन किया। वहीं इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक भी किया।

### साधु संतों का किया सम्मान, कॉफी टेबल बुक का हुआ विमोचन

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पधारे साधु संतों का भी स्वागत एवं सम्मान किया।

उन्होंने महंत नृत्य गोपाल दास को शॉल ओढ़ाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इस अवसर पर अयोध्या के दीपोत्सव पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

# योगी सरकार किसानों की सच्ची हितैषी : सूर्य प्रताप शाही

बस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग के कैबिनेट मन्त्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है सरकार द्वारा किसानो के कल्याणार्थ विभिन्न प्रकार की योजनाएं निरन्तर संचालित की जा रही है।

यहां सर्किट हाउस में किसानो से सम्बंधित एक बैठक मे सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि हम सभी लोगों के थाली में जो भी भोजन आता है उस सबकी खेती करनी चाहिए। कृषि केन्द्र बंजरिया में मशरूम की खेती करने के लिए क्लस्टर भी बन गया है और उसका प्रोडक्शन भी किया जा रहा है आने वाले समय में मशरूम की खेती साल के 12 महीने की जा सकेगी।

प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों के हितो के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है। योगी सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। सरकार द्वारा किसानों को खेती करने के लिए विभिन्न प्रकार की कृषि यंत्रो पर भारी छूट देकर उन्हे यंत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानो की फसल अगर आपदा मे नष्ट या क्षति हो जाती है तो सरकार द्वारा किसानों की भरपाई करने के लिए अनुदान दिया जाता है।

उन्होने कहा कि जब से प्रदेश मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केन्द्र तथा प्रदेश मे सरकार बनी है तबसे किसानों के हितो के लिए महत्वपूर्ण कार्य हुए है जो बहुत ही सराहनीय है।

जनपद में 12 हजार मिनी किट बीज प्राप्त हुआ है यह मिनी किट किसानों में पीओएस मशीन से तेजी से वितरित किया जायेगा। यदि कहीं पर सर्वर की समस्या आती है तो आधार कार्ड लेते हुए मिनी किट बीज वितरित किया जाये। किसानो से अपील करते हुए उन्होने कहा कि किसान को दलहन, तिलहन रवि की फसलों की पैदावार पर भी ध्यान देना चाहिए। इस दौरान उनके द्वारा 150 किसानों को विभिन्न प्रकार के मिनी किट वितरित किया गया।

# जौनपुर : गेस्ट हाउस में जुआ खेल रहे 11 गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की कोतवाली पुलिस टीम ने 11 लोगों को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन ताश की गड्डी व दो लाख चार सौ रुपया नगद तथा जामा तलाशी से सोलह सौ रुपये व 11 मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने बताया कि स्वाट टीम व थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा सत्यम गेस्ट हाउस वाजिदपुर उत्तरी के अन्दर कमरे में बैठ कर लोगों द्वारा जुआ खेलते समय दबिश देकर 11 लोगों क्रमशः रिंटू गुप्ता पुत्र निहोरी गुप्ता निवासी कस्बा गौरा बादशाहपुर थाना गौरा बादशाहपुर , सुरेन्द्र विक्रम राय पुत्र स्व0 उमाशंकर राय निवासी ढालगर टोला थाना कोतवाली जौनपुर , संतलाल निषाद पुत्र स्व0 मनोहर निवासही धर्मापुर थाना गौरा बादशाहपुर , दीपक मिश्रा पुत्र स्व0 बांकेलाल मिश्रा निवासी महगुपुर चैकिया धाम थाना लाईनबाजार , योगेन्द्र विक्रम सिंह पुत्र स्व0 राम अवध सिंह निवासी जमैथा थाना जफराबाद ,शुभम गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार निवासी पुरानीबाजार थाना कोतवाली ,धर्मेन्द्र चैहान पुत्र स्व0 श्री राम चैहान निवासी शाह का पंजा थाना जफराबाद ,मनीष सिंह पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह निवासी शेरवा थाना सिकरारा , बच्ची सोनी पुत्र रामाआसरे सोनी निवासी प्रतापगंज थाना सिकरारा , सुशील यादव पुत्र स्व0 पारसनाथ यादव निवासी रासमण्डल तथा मोहम्मद रईश पुत्र स्व0 अब्दुल हफिज निवासी चाचकपुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया है।

### दिपावली पर 5 दिन बंद रहेंगे स्कूल

लखनऊ (पी एम ए)। यूपी के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए राहत भरी खबर है। यूपी सरकार ने नवंबर में होने वाली छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। यूपी के 1.5 लाख से अधिक परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों के साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में दिवाली की पांच दिन की छूटी रहेगी। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह की ओर से पूर्व में जारी कैलेंडर में 11, 12, 13 व 15 नवंबर को अवकाश था। सचिव ने अलग से आदेश जारी करते हुए 14 को भी छुट्टी कर दी है। इसी महीने 19 नवंबर को छठ पूजा का अवकाश रहेगा और 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर सिंह के शहीदी दिवस का अवकाश है। 27 नवंबर को गुरुनानक जयंती की छुट्टी रहेगी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े केस में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों से मांगी लिखित दलीले

नई दिल्ली। (पी एम ए) सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले से जुड़े मुकदमे इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने को चुनौती देने के मामले पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों से लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ट्रांसफर से जुड़े हाई कोर्ट के आदेश के कानूनी पहलू पर विचार करेंगे।

सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से कहा गया कि मथुरा और इलाहाबाद के बीच करीब 600 किलोमीटर की दूरी है जबकि दिल्ली की दूरी 100 किलोमीटर के करीब है, ऐसे मे इलाहाबाद की बजाय मामले को दिल्ली ट्रांसफर किया जाए। मुस्लिम पक्ष ने इसके पीछे फण्ड और दूरी का हवाला देते हुए ट्रांसफर का विरोध किया। तब कोर्ट ने कहा कि मामले को दिल्ली हाई कोर्ट में ट्रांसफर करने की



मांग सही नहीं है, क्योंकि दिल्ली हाई कोर्ट में पहले से ही काम का बोझ काफी है।

21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले से जुड़े मामलों की सूची सौंपने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि मामले के महत्व को देखते हुए हाई कोर्ट में सुनवाई ठीक ही लग रही है। दरअसल, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। 26 मई को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े सभी केस अपने पास ट्रांसफर कर लिए थे। मस्जिद कमेटी ने यह आदेश रद्द करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट का फैसला तथ्यों और कानून के आधार पर सही नहीं है। याचिका में कहा गया है कि यह आदेश याचिकाकर्ता के अपील के वैधानिक अधिकार को भी समाप्त कर देगा, क्योंकि यह मुकदमे के दो अपीलीय चरणों को खत्म कर रहा है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले में मथुरा की निचली अदालत में चल रहे सभी मामलों को अपने पास ट्रांसफर करते हुए कहा था कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े सभी मुकदमों पर हाई कोर्ट सुनवाई करेगा। हालांकि हिंदू पक्ष इस मामले में पहले ही सुप्रीम कोर्ट में केवियट याचिका दाखिल कर चुका है।

# भाजपा सरकार इमोशनलेस , हार्टलेस और विजनलेस है : अखिलेश

लखनऊ। (पी एम ए) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की नोटबंदी दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है। देश में जो 15 लाख करोड़ रू0 का फ्राड और नुकसान हुआ था उसी की भरपाई के लिए इस सरकार ने सोची समझी रणनीति के तहत नोटबंदी का फैसला लिया था। सरकार ने जनता का सारा पैसा बैंकों में जमा करा दिया। गरीबों का पैसा लेकर अमीरों की तिजोरी भरने का काम किया। प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार और आतंकवाद खत्म हो जाएगा। महंगाई कम होगी। लेकिन उनका दावा झूठा साबित हुआ।



नोटबंदी के बाद भी न भ्रष्टाचार कम हुआ, न महंगाई रुकी और नहीं आतंकवाद खत्म हुआ। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित प्रेसकांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार आज भी देश में 33 लाख करोड़ कैश मार्केट में है। आज भी ज्यादातर लोग डिजिटल के बजाय कैश में ही लेन-देन कर रहे हैं। जमीनों और प्रमुख चीजों की खरीददारी कैश में हो रही है। सभी ने देखा कि जमीनों की रजिस्ट्री और खरीद में बड़े पैमाने पर कैश में लेन-देन हुआ और भ्रष्टाचार हुआ। अयोध्या में जो जमीनों की रजिस्ट्री हुई उनमें भाजपा के लोग शामिल रहे।

अखिलेश यादव ने डायल 112 रिस्पांश सिस्टम में कार्यरत महिला कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि विधानसभा सत्र के पहले ही दिन हम इस मांग को उठाएंगे। हमारा पहला सवाल होगा कि भाजपा ने डायल 112 को क्यों बर्बाद कर दिया? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इमोशनलेस, हार्टलेस और विजनलेस है। वह गरीबी का फायदा उठा रही है। डायल 112 में कार्यरत महिलाओं को नौकरी से निकालने की धमकी दे रही है। त्योहार के दिन बहन-बेटियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक भी जगह दूसरी कम्पनी को काम देकर मुनाफा कमाया जा रहा है जबकि काम करने वाली लड़कियों को ठंड में बिना खाना पानी के छोड़ दिया गया है।

परिवार वालों का दुःख परिवार वाला ही समझ सकता है। भाजपा सरकार किसी की सुनने वाली नहीं है। क्या सरकार के पास इतना बजट नहीं है कि प्रदेश के लोगों की मदद करने वाली महिलाओं का वेतन 3 हजार रू0 बढ़ा दिये जाए।

# आजमगढ़ के हॉकी मैदान पर 11 हजार दीये जलाकर मनाया गया दीपोत्सव

एजेंसी

आज़मगढ़। दीपावली का पर्व यूं तो देशभर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है लेकिन उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में पिछले 7 वर्षों से लगातार चौरी बेलहा पीजी कालेज तरवा के हॉकी खिलाड़ी कुछ अलग ही अंदाज में मनाते हुए पर्व से एक दिन पूर्व दीपोत्सव का आयोजन करते हैं।

जिले के हॉकी के खिलाड़ियों ने कुछ अलग अंदाज में मैदान पर 11 हजार दीपक रोशन कर हॉकी के खिलाड़ियों ने दीपोत्सव मनाया। खिलाड़ियों ने खेल के मैदान को दीपों से सजाया और अलग तरह से दीप जलाया ।इस दीपोत्सव महापर्व पर कालेज के प्रबंधक प्रभाकर सिंह के अलावा शिक्षकों, हॉकी के प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों के अलावा कुछ समाजसेवियों ने प्रतिभाग किया ।इस पीजी कॉलेज में एक हॉकी अकादमी चलाई जाती है।

यह उसी हॉकी अकादमी के छात्र हैं । इन खिलाड़ियों ने दीप भी ऐसे जलाये कि कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की अंधेरी रात में मैदान की खूबसूरती कुछ अलग ही खेल का सन्देश बयां कर रही थी।

# यूपी में 15 नवंबर से प्रारम्भ होगा ईको टूरिज्म सत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, टाइगर रिजर्व, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार एवं किशनपुर वन्य जीव विहार में पर्यटकों के लिए ईको टूरिज्म सत्र का प्रारम्भ 15 नवंबर से किया जा रहा है। टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय उद्यान व वन्यजीव विहार 15 जून 2024 तक खुले रहेंगे। राष्ट्रीय वन्यजीव बाघ, हाथी, तेन्दुआ, गैंडा , राज्य वन्यजीव बारहसिंघा, चीतल, सांभर, पाढ़ा, काकड, लंगूर एवं 200 से अधिक प्रजातियों के स्थानीय, प्रवासी तथा दुर्लभ पक्षी यथा राष्ट्रीय पक्षी मोर राजकीय पक्षी सारस, बंगाल फ्लोरिकन, क्रेन, स्टार्टस, तोते, पैराकीटस एवं विभिन्न प्रकार के जलीय वन्यजीव यथा डाल्फिन, मगरमच्छ, घड़ियाल कछुए, मछलियां तथा विभिन्न प्रकार के सरीसृप जैसे किंग कोबरा, रसेल वाईपर, रैट स्नेक आदि इन क्षेत्रों के प्रमुख आकर्षण हैं। इस पूरे क्षेत्र को मिलाकर तराई टाइगर सर्किट बनता है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश वन निगम स्तर से प्रदेश के विभिन्न टाइगर रिजर्व दुधवा टाइगर रिजर्व, पीलीभीत में पर्यटकों के स्थगन लग्जरी टाटा जीनॉन सफारी बोट सफारी इत्यादि सुविधाएं कई वर्षों से लगातार उपलब्ध कराई जा रही है।

### फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात

लखनऊ। वरिष्ठ फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र इन दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अपनी एक फिल्म 21 की शूटिंग कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट की। इस दौरान दोनों ही हस्तियों ने एक-दूसरे से बात की और हंसी-मजाक करते हुए भी नजर आए। 87 वर्षीय अभिनेता से मिलकर मुख्यमंत्री योगी बेहद खुश नजर आए। इस दौरान सीएम ने अभिनेता को मोर का बना ओडीओपी उत्पाद भेंट किया। धर्मेंद्र लखनऊ में अपनी फिल्म इक्कीस की शूटिंग कर रहे हैं।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाये जाने हेतु व्यापक स्तर पर हो रही छापेमारी

## अब तक 138 प्रतिष्ठानों की जांच कर 89 नमूने जांच हेतु भेजे गए

वाराणसी। (पी एम ए) आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 व जिलाधिकारी एस.राजलिंगम के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) II/अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा गठित सचल दलों द्वारा आम जन को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उददेश्य से मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु अभियान चलाकर व्यापक छापेमारी की जा रही है।

समस्त खाद्य/पेय पदार्थ विशेषकर - खोया पनीर, दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाईयॉ, नमकीन, ड्राई फरूट, खाद्य तेल एवं वनस्पति, घी, रंगीन मीठे खिलौने तथा अन्य समस्त प्रकार के खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु अभिसूचना आधारित विशेष प्रवर्तन कार्यवाही कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जनपद के विभिन्न स्थानों- खेवशीपुर, राजातालाब, लहुराबीर, शिवपुर फाटक, व्यास बाग हरहुआ, सामनेघाट, शिवपुर, सरायनन्दन खोजवां, हीरामनपुर, दान्दुपुर, नवलपुर, बंशीपुर, मिर्जामुराद, रानीपुर स्थित कुल 49 खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण करते हुये 12 छापामार कार्यवाही में खाद्य पदार्थ- गुलाब जामुन, बर्फी, पनीर, दही, दूध, छेना, खीरकदम, छेना मिठाई इत्यादि के कुल 17 नमूनें वास्ते गुणवत्ता जॉच संग्रहित किये गये। संग्रहित नमूनों के जॉच परिणाम प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# प्रयागराज में भवन में लगी आग, एक व्यक्ति की मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के मुठ्ठीगंज क्षेत्र स्थित एक तीन मंजिला भवन में शनिवार सुबह आग लगने से क्षेत्र में अफातफरी मच गयी। सदमें से मकान मालिक की मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुठ्ठीगंज थाना क्षेत्र में बहादुरगंज के बतासा मंडी स्थित एक तीन मंजिला भवन से सुबह लोगों ने धुआं उठते देख पुलिस और अग्निशमन दल को सूचित किया। उन्होंने बताया कि यह इमारत विनोद केसरवानी नामक व्यक्ति की है। इसी इमारत में इनका परिवार भी रहता है और तीसरी मंजिल को डिस्पोजल, कागज, दोना-पत्तल का गोडाउन के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्य पहले और दूसरे तल पर रहते हैं। तीन सदस्य इमारत के दूसरे तल पर फंसे थे। आग दूसरी मंजिल को भी अपनी चपेट में लेती इससे पहले दमकलकर्मियों ने तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि मकान मालिक विनोद केसरवानी (75) हार्ट के मरीज थे। उनका पहले से उपचार चल रहा था। घटना के बाद उनकी मौत हो गयी। उन्होने बताया कि विनोद केसरवानी अपने दो बेटो अनूप केसरवानी और विनोद केसरवानी के साथ मकान में रहते थे।

अग्निशमन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौके पर सिविल लाइंस, नैनी,मेजा, हंडिया और सोरांव से 10 अग्निशमन की गाडियां मौके पर पहुंची थी।

### रालोद ने तेज की लोकसभा चुनाव की तैयारी


लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के लिये 'इंडिया' गठबंधन की मजबूती की वकालत करते हुये राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश की एक दर्जन सीटों पर लोकसभा चुनाव के लिये मुक्कमल तैयारी कर रही है। राय ने पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव की मुकम्मल तैयारी का स्वरूप देने के लिए पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पांच दिसंबर को होगी, जिसमें सभी सांसद, पूर्व सांसद विधायक/पूर्व विधायक, क्षेत्रीय अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष सम्मिलित होंगे। बैठक का उद्घाटन पार्टी अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह करेंगे।

## शार्ट न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टो के नियमन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने क्रिप्टोकरेंसी के कारोबार और माइनिंग के नियमन के लिए दिशानिर्देश तैयार करने के लिये केन्द्र और अन्य को निर्देश देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन-आधारित डिजिटल या आभासी मुद्राएं हैं जो केंद्रीय बैंक से नहीं बल्कि स्वतंत्र रूप से संचालित होती हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिका में मांगी गई मुख्य राहत विधायी निर्देश की प्रकृति में अधिक है। पीठ जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे ने कहा कि यद्यपि याचिका संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत है, लेकिन यह स्पष्ट है कि वास्तविक उद्देश्य याचिकाकर्ता के खिलाफ लंबित कार्यवाही में जमानत मांगना है। उन्होंने कहा, हम इस कार्रवाई को स्वीकार करने में असमर्थ हैं। याचिकाकर्ता को नियमित जमानत देने के लिए उचित अदालत में जाने की स्वतंत्रता होगी। जहां तक मुख्य राहतों का सवाल है, वे एक विधायी निर्देश की प्रकृति में हैं जो अदालत संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जारी नहीं कर सकती है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत




नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.13 प्रतिशत उबलकर 77.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80.82 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### पर्याप्त नौकरियां पैदा करने के लिए भारत को 8-8.5 प्रतिशत ग्रोथ की जरूरत: राजन

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है, लेकिन अपनी बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा करने के लिए उसे 8ब से अधिक तेजी से बढ़ना होगा। रघुराम राजन का सुझाव है कि भारत को जनसंख्या की नौकरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 8 प्रतिशत-8.5 प्रतिशत की विकास दर का लक्ष्य रखना चाहिए। हालांकि अन्य देशों की तुलना में 6 प्रतिशत-6.5 प्रतिशत की वृद्धि अच्छी है, लेकिन राजन को लगता है कि यह भारत के लिए अपेक्षाकृत धीमी है, जहां एक बड़ी युवा आबादी को रोजगार की जरूरत है। भारत की अर्थव्यवस्था अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेजी से बढ़ रही है, लेकिन देश सालाना वर्कफोर्स में शामिल होने वाले लाखों लोगों के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। मुंबई स्थित सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर में कुल बेरोजगारी दर 10.05 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो दो सालों में सबसे अधिक है। HSBC का अनुमान है कि भारत को अगले दशक में 7 करोड़ नई नौकरियां पैदा करनी होंगी। यहां तक कि 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ भी, इस रोजगार चुनौती का केवल दो-तिहाई समाधान ही किया जा सकेगा।

### उठापटक के बीच संवत 2079 में बॉन्ड प्रतिफल नरम और रुपया स्थिर

12 नवंबर को खत्म हो रहे संवत में 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल 21 आधार अंक कम होकर बंद हुआ जबकि रुपया 0.79 फीसदी नरमी के साथ बंद हुआ। सोमवार से नया संवत शुरू होगा। बाजार के भागीदारों ने कहा कि बीमा कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से जबरदस्त मांग के मद्देनजर सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल पूरे साल कमोबेश स्थिर रहा है। पूरे साल बेंचमार्क 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड 6.96 से 7.51 फीसदी के दायरे में कारोबार करता रहा। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक ? नीति समिति द्वारा दर में कटौती की उम्मीद में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट आई थी। मौद्रिक नीति समिति ने मई 2022 से फरवरी 2023 के बीच लगातार 6 बार दरों में इजाफा किया था, उसके बाद दर वृद्धि पर रोक लगाई थी। इस दौरान रीपो दर में कुल 250 आधार अंक की बढ़ोतरी की गई थी। इस बीच उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मार्च में नरम होकर 5.66 फीसदी पर आ गई थी, जो दिसंबर 2021 के बाद सबसे कम थी। मई में यह कम होकर 4.25 फीसदी रह गई थी। हालांकि मुद्रास्फीति के दबाव को देखते हुए दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में बढ़ोतरी किए जाने से घरेलू बाजार में भी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने लगा। कुल मिलाकर घरेलू बाजार में बॉन्ड प्रतिफल में अमेरिका में बॉन्ड यील्ड की तुलना में कम उतार-चढ़ाव दिखा।

### जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना और दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। दाल-दलहन : चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और चावल : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 13040 रुपये, मूंगफली तेल 19780 रुपये, सूरजमुखी तेल 12088 रुपये, सोया रिफाइंड 11062 रुपये, पाम ऑयल 8266 रुपये और वनस्पति तेल 10066 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### एलन मस्क की लाइफ पर हॉलीवुड में बनेगी फिल्म

नई दिल्ली। टेस्ला के सीईओ और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की लाइफ पर बायोपिक बनने वाली है। ब्लैक स्वान फिल्म के डायरेक्टर और ऑस्कर नॉमिनेटेड डैरेन एरोनोफ्सकी इस बायोपिक को डायरेक्ट करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, न्यूयॉर्क के फिल्म स्टूडियो, 24 ने मस्क पर बायोपिक बनाने के राइट्स जीत लिए हैं। यह बायोपिक फिल्म के डायरेक्टर एरोनोफ्सकीकी प्रोडक्शन कंपनी प्रोटोजोआ पिक्चर्स करेगी। रॉयटर्स के मुताबिक, मस्क की बायोपिक को लेकर राइट्स लेने की होड़ मची थी, जिसमें कई बड़े फिल्म मेकर्स और स्टूडियो दांव आजमा रहे थे। 24 स्टूडियो ने इससे पहले द व्हेल के लिए एरोनोफ्सकी के साथ काम किया था। इस फिल्म में ब्रेंडन फ्रेजर ने मेन रोल प्ले किया था। सितंबर में आई थी एलन मस्ककी बायोग्राफी एलन मस्क के जीवन पर इसी साल सितंबर में लेखक वाल्टर इसाकसन ने बायोग्राफी लिखी है। इसी बायोग्राफी पर बेस्ड अब यह बायोपिक बनाई जाएगी। एक्स के कम्यूनिटी डिस्कशन प्लेटफॉर्म एक्स न्यूज डेली ने अपने हैंडल पर लिखा, एलन मस्क की एक बायोपिक डेवलपमेंट फेज में है, जिसे डैरेन एरोनोफ्सकी डायरेक्ट करेंगे।

# धनतेरस पर खूब खरीदारी, देशभर के खुदरा बाजारों में 50,000 करोड़ रुपये का कारोबार

नई दिल्ली। धनतेरस के दिन शुक्रवार को देशभर के खुदरा बाजारों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। सोने-चांदी के अलावा वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और अन्य उत्पादों की भी अच्छी खरीद-बिक्री हुई।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक, धनतेरस पर देशभर के खुदरा बाजारों में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। अकेले दिल्ली में 5,000 करोड़ रुपये की खरीद-बिक्री हुई। पिछले धनतेरस पर कुल 35,000 करोड़ का कारोबार हुआ था।

संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि इस धनतेरस खरीदारी को लेकर माहौल काफी अच्छा रहा। पिछले साल की तुलना में इस बार करीब 43 फीसदी अधिक बिक्री हुई ?है। धनतेरस के दिन कुल बिक्री में वाहनों की हिस्सेदारी 5,000 करोड़ रुपये रही। 3,000 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बिके। 1,000 करोड़ के बर्तन बिके, जबकि 300 करोड़ रुपये की पूजा सामानों की खरीद-बिक्री हुई। इसके अलावा, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों, मिट्टी के दीये, सजावटी सामान, बंदनवार और झाड़ू की बिक्री भी पिछले साल से बेहतर रही।



### इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की बिक्री में 20 प्रतिशत तक तेजी

धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 15-20 फीसदी अधिक रही। ?एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा, धनतेरस पर सभी शहरों में अच्छी भीड़ देखने को मिली। पिछले धनतेरस के मुकाबले विभिन्न श्रेणी के उत्पादों में 15 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। गोदरेज अप्लायंसेस बिजनेस के प्रमुख कमल नंदी ने बताया कि इस बार प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की मांग बढ़ी है।मूल्य के लिहाज से देखें तो इन उत्पादों की बिक्री पिछले साल से 20-25 फीसदी बढ़ी है।

### सोना की कीमतों में हालिया गिरावट का असर, हल्के आभूषणों की मांग

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के निदेशक दिनेश जैन ने बताया कि सोने की कीमतें कारोबार के लिए अनुकूल हैं। कीमतों में हालिया गिरावट से उपभोक्ताओं में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। हीरे की कीमतें गिरने से युवा पीढ़ी में हल्के वजन के आभूषणों की मांग रही।

### 400 टन बिके चांदी के आभूषण

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि देशभर में करीब चार लाख छोटे-बड़े ज्वेलर्स हैं। इनमें से 1.85 लाख ज्लेवर्स भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से पंजीकृत हैं। 2.25 लाख छोटे ज्वेलर्स उन क्षेत्रों में हैं, जहां अभी बीआईएस मानक लागू नहीं है। इन सबको मिलाकर धनतेरस पर 41 टन सोने और 400 टन चांदी के आभूषणों-सिक्कों की बिक्री हुई। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के महासचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया कि धनतेरस पर बिके कुल 42 टन सोने में दक्षिण भारत की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 60-65 फीसदी रही। पश्चिम भारत में 20-25 फीसदी सोने बिका। कुल बिक्री में उत्तर भारत का 10-12 फीसदी और पूर्वी भारत का 5 फीसदी का योगदान रहा।

# रूप चतुर्दशी पर देश में लगभग 15 हज़ार करोड़ रुपये के सौंदर्य प्रसाधन की बिक्री

नयी दिल्ली। कोविड के बाद यह पहला साल है जब लोग बिना किसी बीमारी के भय के दिवाली का त्योहार मनायेंगे और यही वजह है कि इस बार बाज़ारों में ग्राहकों की रौनक़ देखने को मिल रही है और दिल्ली सहित देश के सभी बाज़ारों में बड़ा व्यापार हो रहा है।

कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से पूर्व में जारी एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष दिवाली के त्योहारों के सीजन में लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने का आकलन किया गया था, जो निश्चित रूप से पार होता दिख रहा है।

दिवाली त्योहारों की कड़ी में आज देश भर में रूप चतुर्दशी मनायी जा रही है और इस दिन सौंदर्य प्रसाधन ख़रीदने की बड़ी मान्यता है। महिलायें आज के दिन अन्य वस्तुओं के अलावा विशेष रूप से ब्यूटी कास्मेटिक्स एवं अन्य सौंदर्य प्रसाधन ख़रीदती हैं। कैट के मुताबिक़ आज देश भर में लगभग 15 हज़ार करोड़ रुपये के ब्रांडेड एवं नॉन ब्रांडेड सौंदर्य प्रसाधन की बिक्री हुई । इसके अतिरिक्त आज बड़ी मात्रा में कुम्हारों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाये गये मिट्टी के दीये, मिट्टी से बनी भगवान की मूर्ति, वन्दनवार, शुभ लाभ के चित्र, कृतिम फूलों की लड़ी, श्री लक्ष्मी जी के शुभ पैरों के प्रत्येक चिह्न के चित्र आदि भी ख़रीदे जायेंगे।

एक अनुमान के अनुसार देश भर में आज लगभग दो हज़ार करोड़ रुपये के इन सामानों की बिक्री हुई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दिवाली 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान के बाद इन वस्तुओं की बिक्री में बड़ा इजाफ़ा हो रहा है।

कल देश भर में दिवाली पूजा तथा घरों को सजाने के लिए फल एवं फूलों का बड़ा कारोबार होगा। कल देश में लगभग पांच हज़ार करोड़ रुपये के फूल बिकेंगे। इन फूलों में ख़ास तौर पर कमल का फूल, गुलाब, गेंदा, रजनीगंधा, मोगरा, कनेर, गोदावरी और चमेली की ज़्यादा बिक्री होती है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि दिल्ली तथा देश भर में व्यापारी कल अपनी दुकानों पर दिवाली की पूजा करेंगे और ग्राहकों के ख़रीदी व्यवहार को देखते हुए टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुये इस बार व्यापारियों द्वारा दिवाली पूजा में बायोमेट्रिक मशीन, पेमेंट उपकरण एवं मोबाइल फोन से लगने वाले एयर पॉड की भी पूजा की जायेगी। पुरातन रूप से श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मी जी, श्री कुबेर जी और श्री हनुमान जी के अलावा लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर, की भी पूजा होगी और व्यापार में वृद्धि की कामना की जायेगी। कैट की ज्योतिष एवं वैदिक समिति के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध वेद मर्मज्ञ आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया कि कल दिवाली पूजा के अनेक मुहूर्त हैं ।उन्होंने बताया कि कल दीपावली पर लक्ष्मी पूजन प्रात: 08 : 1 से 12: 11 तक, दोपहर 1: 34 से 2: 57 तक, शाम 5: 44 से 10: 34 तक तथा अर्धरात्रि में 1: 48 से 3: 24 तक के समय में किया जा सकता है।

### वाम दलों ने 2+2 वार्ता में इजरायल पर मोदी सरकार के रुख की 'कड़ी आलोचना' की

नयी दिल्ली। भारत के वामपंथी राजनीतिक दलों ने भारत और अमेरिका के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों की एक साथ हुई बैठक में हमास के खिलाफ इजरायली सेना की कार्रवाई को तत्काल रोकने की दुनिया भर में उठ रही मांग का समर्थन न करने के मोदी सरकार के रुख की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि इस तरह का रुख इजरायल की कार्रवाई को वैधता प्रदान करने वाला है। इन इन दलों ने शनिवार को जारी एक साझा बयान में गाजा में चल रही कार्रवाई को अमेरिका और यहूदी राष्ट्र की ओर से 'फलस्तीनियों का नरसंहार' बताया और उसकी कार्रवाई पर तुरंत विराम लगाए जाने की अपील की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भाकपा (मार्क्सवादी लेनिनवादी) , अखिल भारतीय फार्वर्ड ब्लाक और रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी (आरएसपी) ने एक साझा बयान में मोदी सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उसने अमेरिका के साथ 2+2 (रक्षा और विदेशी मंत्रियों) की संयुक्त वार्ता में इजरायल की कार्रवाई का तत्काल रोकने की वैश्विक अपील का साथ नहीं दिया। इन दलों ने इससे पहले भारत सरकार से अमेरिका के साथ नयी दिल्ली में शुक्रवार को हुई इस बैठक में अमेरिका-इजरायल के नरसंहार का समर्थन बंद करने का आह्वान किया था। बयान में कहा गया है कि इस बैठक में भारत द्वारा इजरायल-फलस्तीन समस्या के लिए दो-राज्यों के प्रस्ताव का समर्थन दोहराया गया है और कार्रवाई में 'मानवीय आधार पर थामने' की अपील की गयी है। वाम दलों ने कहा है कि 'युद्ध विराम की अपील न किया जाना इस समय चल रही इजरायली कार्रवाई को वैधता प्रदान करना है।' बयान में कहा गया है कि इजरायल की कार्रवाई में 10 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं जिनमें आधे बच्चे थे। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने यह बयान एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "यह बरर्बरता बंद करो।"

## दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ चार गुना उछाल के साथ 118 करोड़ रुपये

एजेंसी

शेयर बाजार बीएसई का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ चार गुना होकर 118 करोड़ रुपये हो गया। शेयर बाजार ने एक बयान में यह जानकारी दी। बीएसई का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 29.4 करोड़ रुपये रहा था।

बीएसई ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एक्सचेंज का राजस्व 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 367 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 240 करोड़ रुपये था।

बीएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदरमन राममूर्ति ने कहा, हम मानव संसाधनों, नए उत्पादों, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे, और इस प्रकार दीर्घकालिक विकास शेयरधारकों को आगे बढ़ाएंगे और वाइब्रेंट बीएसई 2025 के अपने मिशन



को पूरा करेंगे।

समीक्षाधीन तिमाही में इक्विटी खंड में एक्सचेंज का औसत दैनिक कारोबार बढ़कर 5,922 करोड़ रुपये हो गया, जो सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही में 4,740 करोड़ रुपये था।

इसके अलावा, बीएसई के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को अपनी बैठक में इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) लिमिटेड (इंडिया आईएनएक्स) में 22.36 करोड़ रुपये और इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) लिमिटेड (इंडिया आईसीसी) में 33.88 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी।

# मूडीज ने अमेरिकी सरकार के ऋण पर अपने आउटलुक को स्थिर से नकारात्मक किया

नई दिल्ली। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने बढ़ती ब्याज दरों की लागत और कांग्रेस में राजनीतिक ध्रुवीकरण का हवाला देते हुए शुक्रवार को अमेरिकी सरकार के ऋण पर अपने दृष्टिकोण को स्थिर से नकारात्मक में बदल दिया।

मूडीज ने अमेरिकी सरकार के ऋण पर अपनी शीर्ष ट्रिपल-ए क्रेडिट रेटिंग को बरकरार रखा, हालांकि यह ऐसा करने वाली तीन प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से आखिरी है। फिच रेटिंग्स ने अगस्त में अपनी रेटिंग एएए से घटाकर एए कर दी थी और स्टैंडर्ड एंड पुअर्स ने 2011 में अमेरिका की रेटिंग घटा दी थी। हालांकि, कम आउटलुक के कारण यह जोखिम बढ़ जाता है कि मूडीज अंतत: अमेरिका से ट्रिपल-ए रेटिंग भी छीन सकता है।

अमेरिकी ऋण पर कम रेटिंग करदाताओं को महंगी पड़ सकती है क्योंकि यह उधारकर्ताओं को ट्रेजरी बिलों और नोटों पर उच्च ब्याज दरों की मांग करने के लिए प्रेरित करता है। जुलाई के बाद से 10 वर्षीय ट्रेजरी पर प्रतिफल काफी बढ़ गया है, जो लगभग 3.9 प्रतिशत से बढ़कर शुक्रवार को 4.6 प्रतिशत हो गया, जो असामान्य रूप से तेज वृद्धि है।

कुछ बाजार विश्लेषकों ने कहा है कि अगस्त में फिच के डाउनग्रेड का इस वृद्धि में योगदान हो सकता है। हालांकि इसके और कई कारण हैं और उनमें एक मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए फेडरल रिजर्व की अपनी बेंचमार्क दर को 22 साल के उच्च स्तर पर रखने की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा, उच्च ब्याज दरों के संदर्भ में, सरकारी खर्च को कम करने या राजस्व बढ़ाने के लिए प्रभावी राजकोषीय नीति उपायों के बिना, मूडीज को उम्मीद है कि अमेरिका का राजकोषीय घाटा बहुत बड़ा बना रहेगा, जिससे ऋण सामर्थ्य काफी कमजोर हो जाएगा।

### बाइडन प्रशासन ने की मूडीज के फैसले की आलोचना

बाइडन प्रशासन ने मूडीज के फैसले की आलोचना की है। उप वित्त मंत्री वैली एडेयेमो ने कहा, मूडीज के बयान में अमेरिका की एएए रेटिंग बरकरार रखी गई है, लेकिन हम नकारात्मक परिदृश्य में बदलाव से असहमत हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, और ट्रेजरी प्रतिभूतियां दुनिया की प्रमुख सुरक्षित और तरल संपत्ति हैं।

संघीय सरकार का बजट घाटा 30 सितंबर को समाप्त हुए बजट वर्ष में उछलकर 1,700 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले साल 1,380 अरब डॉलर था। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि ब्याज दरें बढ़ने के साथ, राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज लागत कर राजस्व के बढ़ते हिस्से को खा जाएगी।

कांग्रेस के सांसद 17 नवंबर तक संभावित सरकारी शटडाउन से बचने की योजना के बिना सप्ताहांत के लिए वाशिंगटन से रवाना हो गए। मूडीज ने अमेरिकी ऋण पर अपने दृष्टिकोण को कम करने के लिए कांग्रेस की शिथिलता का हवाला दिया।

मूडीज ने कहा, हाल में कई घटनाओं ने अमेरिका में राजनीतिक विभाजन की गहराई को दर्शाया है। नए सिरे से कर्ज की सीमा खत्म होना, अमेरिकी इतिहास में पहली बार हाउस स्पीकर को पद से हटाना, नए हाउस स्पीकर का चयन करने में कांग्रेस की लंबे समय तक अक्षमता से एक और आंशिक सरकारी शटडाउन का खतरा बढ़ गया है।

# ओटीटी, डिजिटल मीडिया के रेगुलेशन के लिए केंद्र सरकार ने रखा नए कानून का प्रस्ताव

केंद्र सरकार ने नेटफ्लिक्स, डिज़्नी और अमेज़ॅन जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों को विनियमित करने के उद्देश्य से एक नए प्रसारण कानून का प्रस्ताव रखा है। मसौदा व्यक्तिगत सामग्री मूल्यांकन समितियों की स्थापना की वकालत करता है। विधेयक इन स्ट्रीमिंग दिग्गजों को सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 पर भरोसा किए बिना पूरी तरह से सूचना और प्रसारण मंत्रालय के दायरे में लाने का प्रयास करता है।

शुक्रवार को एमआईबी ने सार्वजनिक परामर्श के लिए प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 पेश किया। इसका उद्देश्य मौजूदा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 को प्रतिस्थापित करना और सभी मौजूदा कानूनों और नीतियों को एक सामंजस्यपूर्ण ढांचे के भीतर सुव्यवस्थित करना है।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री



अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक प्रसारक द्वारा सामग्री मूल्यांकन समितियों (सीईसी) की स्थापना नए कानून में प्रमुख नवाचारों में से एक थी और इससे मजबूत आत्म-नियमन में मदद मिलेगी।

### मसौदा कानून दस्तावेज़

मसौदा कानून दस्तावेज़ के अनुसार, प्रत्येक प्रसारक या प्रसारण नेटवर्क ऑपरेटर को विभिन्न सामाजिक समूहों के सदस्यों के साथ एक सामग्री मूल्यांकन समिति (सीईसी) स्थापित करनी होगी, जो 30 दिनों के लिए सार्वजनिक परामर्श के लिए खुला है। यह कानून केंद्र सरकार को किसी भी ऑनलाइन क्रिएटर या समाचार मीडिया प्लेटफॉर्म को विनियमित करने की शक्ति भी प्रदान करेगा।

यह विधेयक सरकार को प्रसारण सेवाओं के अलावा जो प्रसारण नेटवर्क या प्रसारण सेवाओं से जटिल रूप से जुड़े हुए हैं सेवाओं को विनियमित करने का अधिकार देता है।

प्रस्तावित कानून केंद्र सरकार को सीईसी के आकार, कोरम और परिचालन संबंधी विशिष्टताओं को निर्धारित करने का अधिकार देता है। मसौदा कानून के अनुसार, केवल इस समिति से प्रमाणन प्राप्त करने वाले शो ही प्रसारण के लिए पात्र होंगे।

नई दिल्ली स्थित प्रौद्योगिकी नीति विशेषज्ञ अपार गुप्ता ने सामग्री समीक्षा प्रस्ताव के बारे में रॉयटर्स को बताया, उदारीकरण के ऐतिहासिक अवसर को बर्बाद किया जा रहा है और सेंसरशिप और सरकारी नियंत्रण का एक पितृसत्तात्मक तंत्र प्रस्तावित किया गया है।

इससे पहले जुलाई में, रॉयटर्स ने बताया था कि मंत्रालय ने निजी तौर पर नेटफ्लिक्स और अन्य स्ट्रीमिंग सेवाओं से कहा था कि ऑनलाइन दिखाए जाने से पहले उनकी सामग्री की अश्लीलता और हिंसा के लिए स्वतंत्र रूप से समीक्षा की जानी चाहिए।

जबकि भारतीय सिनेमाघरों में सभी फिल्में सरकार द्वारा नियुक्त बोर्ड द्वारा समीक्षा और प्रमाणन से गुजरती हैं, स्ट्रीम की गई सामग्री इस प्रक्रिया से मुक्त रहती है।

### तेल कीमतों, उत्पादन में गिरावट के कारण ओएनजीसी का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 20 प्रतिशत घटा




सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घट गया। कंपनी ने बताया कि तेल की कीमतों और उत्पादन में गिरावट के कारण उसका मुनाफा घटा। ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि उसने जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही में 10,216 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 12,826 करोड़ रुपये था। ओएनजीसी के शुद्ध लाभ में लगातार दूसरी तिमाही के दौरान गिरावट हुई है। इससे पहले अप्रैल-जून तिमाही में उसका मुनाफा 34 फीसदी घटा था। ओएनजीसी ने नामांकन क्षेत्रों से उत्पादित प्रत्येक बैरल कच्चे तेल के लिए 84.84 अमेरिकी डॉलर कमाए। ओएनजीसी की निदेशक (वित्त) पोमिला जसपाल ने कहा कि शुद्ध लाभ में गिरावट की मुख्य वजह तेल की कम कीमतें हैं। साथ ही तेल और गैस का उत्पादन पिछले साल की तुलना में थोड़ा कम रहा। हालांकि, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इसमें सुधार होगा, क्योंकि कंपनी केजी बेसिन में एक तेल क्षेत्र का उत्पादन शुरू कर देगी। कंपनी की कुल आय 8.2 प्रतिशत गिरकर 35,162 करोड़ रुपये रही। ओएनजीसी ने कहा कि कच्चे तेल का उत्पादन 1.9 प्रतिशत कम होकर 45.4 करोड़ टन रहा, जबकि गैस उत्पादन तीन प्रतिशत गिरकर 5.01 अरब क्यूबिक मीटर रहा।

## शार्ट न्यूज

### ओलंपिक क्वालिफायर के लिए तैयार सविता पूनिया, कहा- खुद पर है भरोसा

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच ओलंपिक क्वालिफायर में दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के साथ खेलना है। जर्मनी के खिलाफ कठिन मुकाबले को लेकर कप्तान सविता पूनिया ने कहा है कि टीम इसके लिए तैयार है। सविता पूनिया का कहना है कि उनकी टीम में इस चुनौती से निपटने की क्षमता है। रांची में 13 से 19 जनवरी तक चलने वाले ओलंपिक क्वालिफायर के भारतीय चरण में मेजबान टीम छठे नंबर से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसमें अन्य टीम न्यूजीलैंड (नौवें), जापान (11वें), चिली (14वें), अमेरिका (15वें), इटली (19वें) और चेक गणराज्य (25वें) हैं। स्पेन के वालेंसिया में भी अन्य आठ टीमें ओलंपिक स्थान हासिल करने के लिए एक-दूसरे से भिड़ेंगी। सविता ने कहा, हमें अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है और प्रतिद्वंद्वी टीमों की रैंकिंग से हम डरे हुए नहीं हैं। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर के लिए भारत आने वाली सभी मजबूत टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम जुलाई में जर्मनी से खेले थे इसलिए हम जानते हैं कि हमारी भिड़ंत किससे है।

### फीफा विश्व कप क्वालिफायर से पहले खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक ने कहा कि फीफा विश्व कप क्वालिफायर से पहले अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने ने काम मुश्किल कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद टीम को सकारात्मक रहना होगा। भारत को अगले हफ्ते 2026 विश्वकप और एएफसी 2027 एशियाई कप के शुरुआती संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे दौर में कुवैत से भिड़ना है। भारत अगले साल जनवरी में आगामी एशिया कप में भी खेलेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की वेबसाइट पर स्टिमैक ने कहा, हमने नए चरण में प्रवेश कर लिया है और हम जानते हैं कि यह लड़कों के लिए बहुत मुश्किल होगा। हम जानते हैं कि मार्च तक अगले कुछ महीने बहुत मुश्किल होंगे। हम इस बात को लेकर सकारात्मक हैं कि जो खिलाड़ी अभी चोटिल हैं और अभी बाहर हैं, वे जब वापसी कर लेंगे तो हम फिर से मजबूत बन जाएंगे और मैदान पर अपनी मजबूती दिखाएंगे, भले ही हम किसी भी टीम के खिलाफ खेलें।

### गाजा के अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा'

गाजा। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बिजली कटौती के कारण अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा' है। स्थानीय मीडिया ने पहले फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला के हवाले से कहा था कि 39 शिशुओं की मौत हो गई है। बाद के एक बयान में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शिशुओं को 'मृत्यु का खतरा' है। इससे पहले आई एक रिपोर्ट के मुताबिक गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को आरोप लगाया कि घिरे एन्क्लेव की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा में लगातार बिजली कटौती के कारण अल-शिफा अस्पताल में एक नवजात शिशु की मौत हो गई। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने एक बयान में कहा कि शिशु अस्पताल में समय से पहले जन्मे 37 बच्चों में से एक था। इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बिजली गुल होने के कारण चिकित्सा कर्मचारी पिछले तीन घंटों से इनमें से कुछ बच्चों को मैन्युअल आर्टिफिशियल श्वसन दे रहे हैं। एक महीने से अधिक समय से अल-शिफा अस्पताल सहित गाजा पट्टी में किसी भी ईंधन की अनुमति नहीं दी गई है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अल-शिफा अस्पताल परिसर के प्रांगण को इजरायल ने निशाना बनाया और परिसर में आग लग गई।

### पाकिस्तान फतह के साथ इंग्लैंड ने किया विश्वकप अभियान का समापन

कोलकाता। जो रूट (60) और बेन स्टोक्स (84) के बीच शतकीय साझीदारी के बाद अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की बदौलत इंग्लैंड ने आईसीसी विश्वकप के अपने आखिरी लीग मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान को 93 रन से हरा कर अपने अभियान का समापन किया। ईडन गार्डन मैदान पर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 337 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 43.3 ओवर में 244 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों सलामी बल्लेबाज क्रमश-शून्य और एक रन पर पवेलियन लौट गये। इंग्लैंड की ओर से डेविड विली ने तीन विकेट लिये। इस मुकाबले में तीसरे विकेट के रूप में आगा सलमान को आउट कर उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे किये। आदिल रशीद, गस ऐटकिंसन और मोईन अली ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया वहीं क्रिस बोक्स को एक विकेट मिला। इस मैच के साथ ही पाकिस्तान भी विश्वकप से बाहर हो चुका है। अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला 15 नवंबर को मुंबई में न्यूजीलैंड से होगा जबकि एक अन्य सेमीफाइनल में 16 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन में आस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका से लोहा लेगी।

### गढ़वाल और रेंजर्स के बीच सोमवार को होगा खिताबी मुकाबला

नयी दिल्ली। शहीद भगत सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल गढ़वाल एफसी और रॉयल रेंजर्स के बीच सोमवार को खेला जाएगा। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में गढ़वाल ने दिल्ली एफसी को टाई ब्रेकर में 7-6 से और रॉयल रेंजर्स ने सुदेवा एफसी को 4-2 से हराया। गढ़वाल और दिल्ली एफसी के बीच खेला गया मैच खासा रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने कई अच्छे मूव बनाए और गंवाए। अभोय और गिरी ने दिल्ली एफसी के लिए गोल किए। गढ़वाल की ओर से राधाकांता ने गोल किया लेकिन 75 वें मिनट में दिल्ली एफसी के सैमसन ने अपना ही गोल भेद दिया। इस आत्मघाती गोल के बाद टाई ब्रेकर में गढ़वाल ने बाजी मार ली। रॉयल रेंजर्स ने युवा खिलाड़ियों से सजी सुदेवा को शुरू से ही नियंत्रण में रखा और निश्चित अंतराल के बाद अभिषेक, बेखम, बंसल और डेंजिल ने गोल किए। सुदेवा के दोनों गोल जोजो ने किए। उधर नेहरू स्टेडियम मैदान पर चैंपियन बन चुकी गढ़वाल यूनाइटेड की लड़कियों ने हंस क्लब पर गोलों की बरसात करते हुए 14-0 से जीत पाई। विजेता के लिए संफीदा, नोंगरम और प्लेयर ऑफ द मैच मोनिशा (4) ने तिकड़ी जमाई। दूसरे मैच में रॉयल रेंजर्स ने अनुष्का सैमुअल के दो गोलों से सिग्नेचर एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोका। सिग्नेचर की ओर से भगवती और कंचन रावत ने गोल किए।

### सऊदी क्राउन प्रिंस ने गाजा में तत्काल संघर्ष विराम का किया आह्वान

रियाद। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने शनिवार को रियाद में एक संयुक्त अरब इस्लामी विशेष शिखर सम्मेलन के दौरान अपने भाषण में गाजा पट्टी में तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता का आह्वान किया। क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब की राजधानी में चल रही इस्लामी-अरब सभा में कहा कि हम गाजा पट्टी में तत्काल संघर्ष विराम और मानवीय सहायता पहुंचाने की मांग करते हैं। सऊदी अरब के वास्तविक शासक मोहम्मद ने गाजा में जारी शत्रुता को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्पष्ट विफलता करार दिया और बल देकर कहा कि इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने का एकमात्र तरीका फिलिस्तीनियों को कानूनी अधिकार प्रदान करना है। खाड़ी देश ने शनिवार को 57 देशों के इस्लामिक सहयोग संगठन की एक विशेष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी थी, जिसके बाद रविवार को अरब लीग का आपात सम्मेलन होना था, लेकिन गाजा में आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए दोनों को मिला कर एक कर दिया गया।

# मार्श का तूफान, हार के साथ बांग्लादेश के विश्वकप अभियान का अंत

पुणे। मिचेल मार्श (177 नाबाद) के तूफानी शतक और स्टीव स्मिथ (63 नाबाद) के बीच 172 रन की साझीदारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्वकप के अपने आखिरी लीग मुकाबले में शनिवार को बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा कर सेमीफाइनल के लिये मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली।

बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी कर आठ विकेट पर 307 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य आस्ट्रेलिया के सामने रखा था मगर मार्श की आतिशी बल्लेबाजी ने उस लक्ष्य को बौना साबित कर दिया और आस्ट्रेलिया ने 32 गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। आस्ट्रेलिया की विश्वकप में यह लगातार सातवीं जीत थी। पूर्व विश्व चैंपियन ने मौजूदा अभियान की शुरुआत निराशाजनक ढंग से की थी वहीं बांग्लादेश ने टूर्नामेंट में नौ में से सिर्फ दो मुकाबलों में जीत का स्वाद चखा है।

ट्रैविस हेड (10) का विकेट गिरने पर क्रीज पर आये मार्श का अंदाज आज बेहद जुदा था। उन्होने पहले डेविड वार्नर ((53) के साथ संभल कर खेलते हुये 120 रन का पार्टनरशिप की मगर समय बीतने के साथ उनकी बैटिंग में आक्रमकता आती गयी और देखते ही देखते उन्होने मैदान के चारों तरफ रनों की बौछार कर दी। अपनी



आतिशी पारी में उन्होने 132 गेंद खेल कर 17 चौके और नौ गगनचुंबी छक्के जड़े। आस्ट्रेलिया की ओर से पिछले एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी शानदार पारी देखने को मिली। इससे पहले मंगलवार को ग्लेन मैक्सवेल ने विषम परिस्थितियों में अफगानिस्तान के खिलाफ 201 रन ठोक कर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। इससे पहले अंतिम चार में स्थान बनाने में नाकाम बांग्लादेश ने लीग चरण के अपने आखिरी मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और आस्ट्रेलिया को जीत के लिये 307 रन की चुनौती पेश की।

तंज़िद हसन (36) और लिटन कुमार दास (36) ने तेज शुरुआत करते हुये पहले विकेट के लिये 76 रन जोड़े। बाद में कप्तान नजमुल शान्तो (45) और मो. तौहीद हृदोय (74) ने कंगारू गेंदबाजों पर प्रहार करते हुये स्कोरर को व्यस्त रखा। शान्तो के आउट होने के बाद नये बल्लेबाज महमुदउल्लाह (32) ने अपनी संक्षिप्त मगर तूफानी पारी में तीन जानदार छक्के लगा कर मैदान पर बैठे प्रशंसकों का भरपूर मनोरंजन किया। हृदोय ने क्रीज पर दो घंटे से अधिक का समय बिताया जिसके चलते दूसरे छोर पर बल्लेबाजों को अपना प्रदर्शन निखारने में मदद मिली। आस्ट्रेलिया के गेंदबाजों की पिटाई की कमी को क्षेत्ररक्षकों ने पूरा किया जिसके चलते बांग्लादेश के तीन बल्लेबाज रन आउट करार दिये गये। विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे शॉन एबेट ने दो विकेट चटकाने के साथ एक रन आउट भी किया और टीम में अपनी सार्थकता को प्रमाणित किया। एडन जैम्पा के हाथ भी दो विकेट लगे।

# लक्ष्य का पीछा करने से आत्मविश्वास में हुई वृद्धि

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि आज खेले गये मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत से आत्मविश्वास में वृद्धि,हुई है।

बावुमा ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करना हमें काफ़ी आत्मविश्वास देगा और हम इसी आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में जा रहे है। हम इस पर भी विचार करेंगे कि खेल के किसी भी क्षेत्र में पिछड़े रहे है। इतनी बड़े मैदानों में दर्शकों की भारी संख्या के बीच खेलने का अनुभव अलग है। हम वापस इस मैदान में आकर फ़ाइनल खेलना चाहेंगे।

वहीं अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर मुझे अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। हम हर मैच में अंत तक लड़े। यह हमारे लिए बड़ी सीख है। इस टूर्नामेंट में हमारे बल्लेबाज़ों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट से पहले हमारे बल्लेबाज़ संघर्ष कर रहे थे। हम भविष्य में इसी टूर्नामेंट के मोमेंटम को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। हम ने अपने प्रदर्शन से दुनिया को एक संदेश दिया है। ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ मुक़ाबले का नतीजा टीम और निजी तौर पर मेरे लिए चौंकाने भरा था। हालांकि हम इन चीज़ों ने सीखने का प्रयास करेंगे।



प्लेयर ऑफ़ द मैच रसी वान डर डुसेन ने कहा, हम भी पहले गेंदबाज़ी करना चाहते थे। हालांकि हमे पता था कि अफगानिस्तान जैसी आक्रमक टीम के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करना उतना आसान नहीं होगा, लेकिन हम खुद को मुश्किल परिस्थियों में आज़माना चाहते थे।

### स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा

मुबंई। दस लाख से अधिक क्रिकेट प्रेमी अब तक मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का स्टेडियम में बैठ कर लुफ्त उठा चुके हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के दौरान दस लाखवां प्रशंसक टर्नस्टाइल के माध्यम से आया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अब तक के सबसे बड़े विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए प्रशंसक भारत भर के दस स्टेडियमों में उमड़ रहे हैं। आईसीसी को भरोसा है कि दर्शकों के मैदान की ओर रूख करने की यह रफ्तार 15 और 16 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल तक जारी रहने वाली है, जिसके बाद 19 नवंबर को फाइनल होगा। टीवी और मोबाइल फोन पर दर्शकों की संख्या पहले ही विश्व कप के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर चुकी है। इस उपलब्धि पर आईसीसी के हेड ऑफ इवेंट्स क्रिस टेटली ने कहा, एक मिलियन से अधिक रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों के साथ विश्व कप ने दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को वनडे प्रारूप में समर्थन और रुचि की याद दिला दी है।

**वर्ल्डकप में खराब प्रदर्शन पर श्रीलंका चीफ सिलेक्टर का दावा**

# खराब प्रदर्शन के पीछे बाहरी साजिश, जल्द खुलासा करूंगा

श्रीलंका वनडे वर्ल्ड कप में 9 नवंबर को बेंगलुरु में अपना आखिरी लीग मैच न्यूजीलैंड से हारने के बाद लौट चुकी है। श्रीलंका वर्ल्ड कप में 9 लीग मुकाबलों में से केवल 2 मैच ही जीते हैं। उसे सात मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पॉइंट टेबल में वह 9वें स्थान पर है। अगले साल पाकिस्तान में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर पाई है।

उधर, श्रीलंका टीम के वापस लौटने के बाद श्रीलंका टीम के प्रदर्शन पर बोलते हुए चीफ सिलेक्टर विक्रमसिंघा ने कहा,मुझे दो दिन का समय दीजिये। फिर सब कुछ बता दूंगा। यह बाहरी साजिश का परिणाम है। उन्होंने कहा,मैं बहुत दुखी हूं। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं।

वर्ल्ड कप में 2 नवंबर को खेले गए मैच में श्रीलंका को भारत ने 302 रन से हराया था। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 357 रन बनाया। 358 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम 55 रन ही बना सकी थी। श्रीलंका की आधी टीम केवल 14 रन बनाकर आउट हो गई थी। टॉप ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया था। भारत से हार के बाद श्रीलंका बोर्ड में उथल-पुथल शुरू हो गई। बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन पर चिंता जाहिर की थी।

### 24 घंटे बाद ही खेल मंत्री के आदेश को कोर्ट ने बदल दिया था

श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने 6 नवंबर को श्रीलंका क्रिकेट को बर्खास्त कर दिया था। श्रीलंका क्रिकेट के लिए एक अंतरिम बोर्ड का गठन भी किया था। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के कार्यालय ने एक बयान में कहा था कि, देश के 1996 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

खेलमंत्री के आदेश पर श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। बोर्ड की अपील पर अदालत ने देश के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त करने के खेल मंत्री के फैसले को रद्द कर दिया

### आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को सस्पेंड कर दिया है

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया। आईसीसी ने बोर्ड में सरकार की दखल अंदाजी के बाद उनकी सदस्यता को तत्काल प्रभाव से छीन लिया है।

# सबसे ताकतवर रॉकेट को फिर से लॉन्च करने की तैयारी

**17 नवंबर को स्टारशिप को स्पेस में भेजेंगे मस्क; पिछली बार विस्फोट हो गया था**

वॉशिंगटन। स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क दुनिया के सबसे ताकतवर स्टारशिप व्हीकल का दूसरा टेस्ट 17 नवंबर को करने की तैयारी कर रहे हैं। स्पेसएक्स ने बताया कि फाइनल रेगुलेटरी अप्रूवल फिलहाल पेंडिंग है। ये मिशन 1: 30 घंटे का होगा। लाइव स्ट्रीमिंग 30 मिनट पहले शुरू होगी।

इसमें स्टारशिप को स्पेस में ले जाया जाएगा, फिर पृथ्वी पर वापस लाकर पानी में लैंड कराया जाएगा। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली %स्टारशिप% कहा जाता है। ये एक रीयूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम है। इसके जरिए इंसान मंगल ग्रह पर जाएंगे।

### 20 अप्रैल के टेस्ट में स्टारशिप एक्सप्लोड हो गया था

इससे पहले 20 अप्रैल को स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट किया गया था। इस टेस्ट में बूस्टर 7 और शिप 24 को लॉन्च किया गया था।



हालांकि स्टारशिप में उड़ान भरने के 4 मिनट बाद ही गल्फ ऑफ मेक्सिको के करीब 30 किलोमीटर ऊपर विस्फोट हो गया था। स्टारशिप के फेल होने के बाद भी स्पेसएक्स हेडक्वार्टर में एलन मस्क और एम्प्लॉइज खुशी मना रहे थे।

ऐसा इसलिए क्योंकि रॉकेट का लॉन्चपैड से उड़ना ही बड़ी सफलता थी। स्टेनलेस स्टील से बने स्टारशिप को दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने बनाया है।

ये दुनिया का सबसे ऊंचा और ताकतवर रॉकेट है। एलन मस्क ने भी स्टारशिप लॉन्च से दो दिन पहले कहा था- सफलता शायद मिले, लेकिन एक्साइटमेंट की गारंटी है।

### स्टेज सेपरेशन में आई थी परेशानी

स्पेसएक्स ने कहा था- स्टेज सेपरेशन से पहले स्टारशिप ने रैपिड अनशेड्यूल्ड डिसअसेंबली एक्सपीरियंस की। इस तरह के एक टेस्ट के साथ हम जो सीखते हैं, उससे सफलता मिलती है। आज का टेस्ट हमें स्टारशिप की रिलायबिलिटी में सुधार करने में मदद करेगा। टीमें डेटा को रिव्यू करना जारी रखेंगीं और अगले फ्लाइट टेस्ट की दिशा में काम करेंगीं।

### लिफ्टऑफ के 4 मिनट बाद रॉकेट को नष्ट किया

सुपर हैवी बूस्टर पर लगे 33 इंजन स्टार्ट (इगनाइट) हुए और स्टारशिप धीरे-धीरे ऊपर बढ़ा।

करीब एक मिनट बाद रॉकेट मैक्सिमम एयरोडायनमिक प्रेशर के पीरियड से गुजरा।

सुपर हैवी बूस्टर स्टेज पर कई इंजन फेल होने के कारण रॉकेट अनबैलेंस होने लगा।

अपर स्टेज स्टारशिप व्हीकल को बूस्टर से अलग होना था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

लिफ्टऑफ के 4 मिनट बाद, फ्लाइट टर्मिनेशन सिस्टम ने रॉकेट को नष्ट कर दिया।

### लॉन्च पैड को ज्यादा नुकसान नहीं, फिर लॉन्च को तैयार

लॉन्च के फेल होने के बाद 29 अप्रैल को ट्विटर स्पेस पर मस्क ने कहा था कि लॉन्च मोटे तौर पर मेरी उम्मीद के मुताबिक था और शायद मेरी उम्मीदों से थोड़ा ज्यादा था। ऐसी भी खबरें थीं कि लॉन्च पैड को काफी नुकसान पहुंचा। इस पर मस्क ने कहा था- लॉन्च पैड को नुकसान इतना कम है कि स्टारशिप कुछ ही महीनों में फिर से उड़ान भरने के लिए तैयार हो सकता है।

# आइसलैंड में 14 घंटों में 800 भूकंप

**इमरजेंसी लगाई, ज्वालामुखी फटने का भी डर; इस देश में सक्रिय हैं 33 वोल्केनो**

यूरोपीय देश आइसलैंड में पिछले 14 घंटों में 800 भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इनमें सबसे बड़े झटके की तीव्रता 5.2 रही। अधिकारियों के मुताबिक धरती के नीचे हो रही गतिविधियों की वजह से ज्वालामुखी फटने का भी डर है। इस बीच नेशनल पुलिस चीफ ने वहां इमरजेंसी घोषित कर दी है।

वहीं, लोकल अथॉरिटी ने आशंका जाहिर की है आइसलैंड में कुछ दिनों के भीतर ज्यादा तीव्रता के भूकंप भी आ सकते हैं। आइलैंड के मेट ऑफिस के मुताबिक वहां अक्टूबर से 24 हजार भूकम्प के झटके आ चुके हैं। ज्यादातर भूकम्प के झटके रात 12 से 2 बजे तक महसूस हुए।

न्यूज एजेंसी ने शनिवार को बताया कि स्थानीय अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर शहर में रहने वाले हजारों




लोगों को जगह खाली करने के आदेश जारी किए हैं। आइसलैंड में 33 सक्रिय ज्वालामुखी हैं, जो यूरोप में सबसे अधिक है। आइसलैंड मिड-अटलांटिक रिज तक बसा है, जो समुद्र तल में एक दरार है। इसी दरार की वजह से वहां ज्यादा भूकंप आते हैं।

### जाने भूकंप कैसे आता है?

हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### ज्वालामुखी क्या होता है?

ज्वालामुखी धरती की सतह पर मौजूद प्राकृतिक दरारें होती हैं। इनसे होकर धरती के आंतरिक भाग से पिघला हुआ पदार्थ जैसे मैग्मा, लावा, राख आदि विस्फोट के साथ बाहर निकलते हैं। ज्वालामुखी पृथ्वी पर मौजूद 7 टेक्टोनिक प्लेट्स और 28 सब टेक्टोनिक प्लेट्स के आपस में टकराने के कारण बनते हैं। दुनिया का सबसे एक्टिव ज्वालामुखी माउंट एटना इटली में है।

### रुस का उ. कोरिया पर संरासुप के प्रस्तावों का उल्लंघन करने से इनकार

मास्को। रुसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शनिवार को इन आरोपों से साफ इनकार किया कि उत्तर कोरिया के साथ रूस का सहयोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) के प्रस्तावों का उल्लंघन है। उन्होंने पश्चिमी देशों के बार-बार के दावों को भी साफ खारिज किया है कि उत्तर कोरिया कथित तौर पर रुस को हथियार हस्तांतरित कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने जखारोवा के हवाले से कहा,रूस और उत्तर कोरिया के बीच 'अवैध' सैन्य-तकनीकी सहयोग के 'सामूहिक पश्चिम' द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और निराधार हैं। रूस सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों सहित अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है।

### ऋषि सुनक ने दी दीपावली, बंदी छोड़ दिवस की शुभकामनाएं

लंदन 11 नवंबर (वार्ता) ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिन्दू समुदाय को दीपावली और सिखों को बंदी छोड़ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। सुनक ने यहां अपने शुभकामना संदेश में कहा,दुनिया भर में और ब्रिटेन भर में जश्न मनाने वाले सभी लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं, और सिख समुदाय में हमारे मित्रों को बंदी छोड़ दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, दीये की रोशनी के साथ, यह एक ऐसा क्षण साबित हो, जब हम भविष्य को आशा के साथ देख सकें। प्रधानमंत्री के रूप में, चीजों को बेहतरी के लिए बदलने का दृढ़ संकल्प ही मेरा मार्गदर्शक प्रकाश है। मेरा मानना है कि अंधकार पर प्रकाश की विजय के प्रतीक के रूप में दीवाली एक उज्जवल कल के प्रयास का एक पवित्र प्रतीक है। सुनक ने कहा,आपके पहले ब्रिटिश एशियाई प्रधानमंत्री और एक श्रद्धावान हिंदू के रूप में, मेरा विश्वास है कि यह त्योहार शानदार जातीय एवं सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है जो ब्रिटेन को वह विशिष्ट स्थान प्रदान करता है जहां पर वह आज स्थित है।

### सऊदी क्राउन प्रिंस ने गाजा में तत्काल संघर्ष विराम का किया आह्वान

रियाद। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने शनिवार को रियाद में एक संयुक्त अरब इस्लामी विशेष शिखर सम्मेलन के दौरान अपने भाषण में गाजा पट्टी में तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता का आह्वान किया। क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब की राजधानी में चल रही इस्लामी-अरब सभा में कहा कि हम गाजा पट्टी में तत्काल संघर्ष विराम और मानवीय सहायता पहुंचाने की मांग करते हैं। सऊदी अरब के वास्तविक शासक मोहम्मद ने गाजा में जारी शत्रुता को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्पष्ट विफलता करार दिया और बल देकर कहा कि इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने का एकमात्र तरीका फिलिस्तीनियों को कानूनी अधिकार प्रदान करना है। खाड़ी देश ने शनिवार को 57 देशों के इस्लामिक सहयोग संगठन की एक विशेष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी थी, जिसके बाद रविवार को अरब लीग का आपात सम्मेलन होना था।

### इटली में विस्फोट से 12 लोग घायल

रोम । इटली के लाजियो क्षेत्र में एक प्रवासी स्वागत केंद्र में विस्फोट और उसके बाद इमारत के ढहने से कम से कम 12 लोग घायल हो गए हैं। इतालवी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। कथित गैस रिसाव शुक्रवार देर रात को हुआ। एडनक्रोनोस समाचार एजेंसी ने बताया कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। प्रवासी स्वागत केंद्र की मेजबानी करने वाले सैन लोरेंजो नुओवो शहर के मेयर मास्सिमो बाम्बिनी ने एडनक्रोनोस को बताया,वहां एक विस्फोट हुआ था। संभवत: गैस रिसाव के कारण। जो हुआ उसका सटीक कारण जांच से निर्धारित किया जाएगा। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक विस्फोट के समय नाबालिगों सहित कुल मिलाकर लगभग 30 लोग इमारत के अंदर थे लेकिन घटनास्थल पर काम कर रहे अग्निशामकों ने मलबे के नीचे अन्य लोगों की मौजूदगी से इनकार किया है।

### अमेरिकी राजमार्ग पर गोलीबारी में चार घायल

ह्यूस्टन। अमेरिका के दक्षिणी राज्य अलबामा के बर्मिंघम में शुक्रवार शाम एक अंतरराज्यीय राजमार्ग पर कम से कम चार लोगों को गोली मार दी गई और जिससे वे घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बर्मिंघम पुलिस विभाग ने स्थानीय मीडिया को बताया कि एक महिला को हिरासत में लिया गया है और इस गोलीबारी में घायल चार पीड़ितों को भी संदिग्ध माना गया है। बर्मिंघम अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि चार घायलों में से दो को इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद थी, जहां गोलीबारी के बाद यातायात की कई लेनें बंद कर दी गईं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# नकारात्मक और आसुरी शक्तियों के अंत का उल्लास है दीपोत्सव : योगी आदित्यनाथ

## अयोध्या में श्रीराम की पैड़ी से मुख्यमंत्री ने देश और प्रदेशवासियों को दी दीपोत्सव और दीपावली की शुभकामनाएं

अयोध्या, 11 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां राम की पैड़ी से देश और प्रदेशवासियों को दीपावली और दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम द्वारा आसुरी शक्तियों के अंत के संकल्प की पूर्ति का उल्लास है दीपोत्सव। हमारा प्रयास होना चाहिए कि दीपोत्सव का ये पर्व देश के हर गरीब और वंचितों के जीवन में नई खुशहाली लेकर आए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को वैश्विक मान्यता दिलाना ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है।



### श्रीराम के संकल्प की पूर्ति का महापर्व है दीपोत्सव

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन के दौरान दुनिया के 54 देशों से अयोध्या पधारे राजनयिकों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि दीपोत्सव का हर संस्करण पूरी दुनिया में भव्यता के साथ आगे बढ़ रहा है। दीपावली का आयोजन पूरे भारत में श्रीराम के 14 वर्ष के वानवास के उपरांत अयोध्या वापसी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। ये उत्सव भगवान राम के केवल वनागमन से वापसी का नहीं है बल्कि वन्य क्षेत्र को अभय प्रदान करना, नाकारात्मक शक्तियों और राक्षसी प्रवृतियों का सर्वथा अंत करने का जो सकल्प उन्होंने लिया था, उसकी पूर्ति के बाद अयोध्या आगमन और यहां रामराज्य के आधारशिला की शुरुआत का महा उत्सव है।

### 2014 प्रधानमंत्री ने रखी श्रीराम के संकल्पों की एक बार फिर आधारशिला

संपूर्ण भारत में रामराज्य की अवधारणा, जिसमें व्यक्ति-व्यक्ति के बीच जाति, मत, मजहब के आधार पर भेद भाव न हो, इसी संकल्प का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में एक बार फिर आधारशिला रखी। आगामी जनवरी माह में प्रभु श्रीराम के मंदिर का यहां भव्य रूप उद्घाटन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये आयोजन और भी भव्यता के साथ भगवान श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप एक नई खुशहाली और समृद्धि की ओर हमें अग्रसर करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए पिछले चार दिन से जुटे 25 हजार वॉलेंटियर्स को विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सरकार में मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जयवीर सिंह, राकेश सचान, 54 देशों के राजनयिक, अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह, सभी विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, साधु-संत एवं विभिन्न मठों के महंतगण, भाजपा, विहिप एवं विभिन्न सांस्कृति सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिगण व प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मोदी ने एससी वर्गीकरण पर जल्द ही एक कमेटी बनाने का दिया आश्वासन

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण पर एक समिति के शीघ्र गठन का आश्वासन दिया।

मोदी सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में मडिगा रिजर्वेशन पोराटा समिति (एमआरपीएस) द्वारा आयोजित 'अनागरिना वर्गला विश्वरूप महासभा' (दलित समुदायों की विश्वरूप महासभा) नामक एक सार्वजनिक बैठक में यह घोषणा करते हुए उन्होंने मडिगा लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा हमें लगता है कि मडिगा के साथ अन्याय हुआ है। मैंने मडिगा के बच्चे बंगारू लक्ष्मण के नेतृत्व में काम किया। एक कार्यकर्ता के रूप में, मैंने श्री बंगारू लक्ष्मण से बहुत कुछ सीखा है।

उन्होंने कहा,30 साल से लड़ रही मंदा कृष्णा एक सच्ची योद्धा हैं। उन्होंने मडिगा समुदाय के प्रति बहुत समर्पण दिखाया है। धन्यवाद। मुझे बहुत प्रेम से इस बैठक में आमंत्रित किया गया है। आजादी के बाद मैंने कई सरकारें देखीं। उन सरकारों और हमारी सरकारों में अंतर साफ है।

मोदी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। 'सबका साथ..सबका विकास' हमारी नीति है। मडिगाला के संघर्ष को हमारा पूरा समर्थन है। एक जीवन, एक मंदकृष्ण ने एक मिशन की तरह लड़ाई लड़ी। मडिगा के 30 साल के संघर्ष को मेरा पूरा समर्थन ।गरीबी उन्मूलन हमारी पहली प्राथमिकता है। कई पार्टियों ने आपका इस्तेमाल किया है, ये कहकर कि हम न्याय करेंगे। आप पार्टियों द्वारा किए गए पापों का प्रायश्चित करने आए हैं। अब तुम्हें कुछ भी पूछने की जरूरत नहीं है। हम सामाजिक न्याय की दिशा में कदम उठा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया, यह वंचितों की सार्वभौमिक महासभा है और मंदकृष्ण मडिगा उनके छोटे भाई की तरह हैं।

## शार्ट न्यूज

### बनारस- आनंद विहार टर्मिनल- बनारस साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन बनारस से 14 से 28 नवंबर तक किया जायेगा

वाराणसी। (पी एम ए) रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये पूजा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जायेगा। 05089/05090 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनल-बनारस साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन बनारस से 14 से 28 नवम्बर, 2023 तक प्रत्येक मगंलवार तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 15 से 29 नवम्बर, 2023 तक प्रत्येक बुधवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा। इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी सभी मानकों का पालन करना होगा। 05089 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक विशेष गाड़ी 14 से 28 नवम्बर, 2023 तक प्रत्येक मगंलवार को बनारस से 21.00 बजे प्रस्थान कर भदोही से 22.02 बजे, दूसरे दिन माँ बेला देवी धाम प्रतापगढ़ से 00.10 बजे, अमेठी से 01.12 बजे, रायबरेली से 02.20 बजे, लखनऊ से 04.40 बजे, बरेली से 08.42 बजे तथा मुरादाबाद से 11.00 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 15.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05090 आनन्द विहार टर्मिनल-बनारस साप्ताहिक विशेष गाड़ी 15 से 29 नवम्बर, 2023 तक प्रत्येक बुधवार को आनन्द विहार टर्मिनल से 18.15 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 21.25 बजे, बरेली से 23.17 बजे, दूसरे दिन लखनऊ से 03.50 बजे, रायबरेली से 05.25 बजे, अमेठी से 06.12 बजे, माँ बेला देवी धाम प्रतापगढ़ से 06.55 बजे तथा भदोही से 08.32 बजे छूटकर बनारस 09.50 बजे पहुँचेगी।

### दिल्ली- आजमगढ़- दिल्ली विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 11 नवंबर को किया जायेगा

वाराणसी । (पी एम ए) रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये पूजा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जायेगा। 04038/04037 दिल्ली-आजमगढ़-दिल्ली विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 11 नवम्बर, 2023 को तथा आजमगढ़ से 12 नवम्बर, 2023 को 01 फेरे के लिये किया जायेगा। इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी सभी मानकों का पालन करना होगा। 04038 दिल्ली-आजमगढ़ विशेष गाड़ी 11 नवम्बर, 2023 को दिल्ली से 19.10 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 22.35 बजे, दूसरे दिन बरेली से 00.22 बजे, लखनऊ से 04.30 बजे, सुल्तानपुर से 06.32 बजे, जौनपुर सिटी से 08.07 बजे, जौनपुर जं. से 08.32 बजे, शाहगंज से 09.32 बजे तथा खोरासन रोड से 10.02 बजे छूटकर आजमगढ़ 11.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 04037 आजमगढ़-दिल्ली विशेष गाड़ी 12 नवम्बर, 2023 को आजमगढ़ से 12.30 बजे प्रस्थान कर खोरासन रोड से 13.12 बजे, शाहगंज से 13.32 बजे, जौनपुर जं. से 14.32 बजे, जौनपुर सिटी से 15.02 बजे, सुल्तानपुर से 16.32 बजे, लखनऊ से 19.15 बजे, बरेली से 23.17 तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 01.10 बजे छूटकर दिल्ली 04.50 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 16 तथा लगेज सह पावर कार के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

### गोवर्धन पूजा पर 14 को कुश्ती दंगल व बिरहा का होगा मुकाबला



सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा 14 नवंबर के अवसर पर वीर लोरिक पत्थर स्मारक स्थल मारकुंडी घाट पर विराट गोवर्धन पूजा , कुश्ती दंगल एवम रात्रि बिरहा का आयोजन किया गया है। इसमें पांच प्रांतों से भारी संख्या में श्रद्धालु शिरकत करेंगे। आयोजन समिति के राम प्रसाद यादव एडवोकेट व चंद्रभूषण यादव ने बताया कि विराट गोवर्धन पूजा के अवसर पर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश एवम छत्तीसगढ़ से भारी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। खौलते दूध में पुजारी स्नान करेंगे। कुश्ती दंगल में नामी गिरामी पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे। वहीं रात्रि में शानदार बिरहा का मुकाबला होगा, जिसमें आजमगढ़ की बिरहा गायिका उजाला यादव तथा प्रयागराज के बिरहा गायक सूरज यदुवंशी के बीच मुकाबला होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया है। उन्होंने जनपद वासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री कैलाश नाथ सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि विधायक लकी यादव रहेंगे।

### सरमा ने कांग्रेस की तुलना जिन्ना की मुस्लिम लीग से की

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को तेलंगाना में विधानसभा चुनाव से पहले 'अल्पसंख्यक घोषणा' लाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और उसकी तुलना मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग से की। सरमा ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर सिलसिलेवार ट्वीट में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह एक धर्म के वोट बैंक पर कब्जा करने की कोशिश में इतने नीचे गिर गई है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी सोच भी नहीं सकता था कि कांग्रेस एक धर्म के वोट बैंक पर कब्जा करने की कोशिश में इतना नीचे गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि एक धर्म विशेष के लिए घोषणापत्र लाकर, कांग्रेस मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के विजन को पूरा कर रही है। महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जिन्ना के पृथक निर्वाचन प्रणाली के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, लेकिन जिन्होंने गांधी उपनाम को हड़प लिया वे जिन्ना की नीतियों को पुनर्जीवित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा वकालत की गई पृथक निर्वाचन प्रणाली से लड़कर अपना जीवन व्यतीत किया और अब जिन लोगों ने गांधीजी के उपनाम को हड़प लिया है, उन्होंने जिन्ना की नीतियों को पुनर्जीवित किया है।

### मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए प्रदेश में फिर से चुनें भाजपा की सरकार: सिंधिया

उज्जैन। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार के हाथ मजबूत करने के लिए राज्य में भी भाजपा सरकार होना आवश्यक है। सिंधिया ने यह बात जिले के महिदपुर में भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह चौहान के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का मान विश्व में बढ़ाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ मे विश्व के 130 देश एक जगह बैठकर प्रधानमंत्री मोदी के साथ योग करते हैं। जी-20 की अध्यक्षता भारत करता है और इसमें विश्व के बड़े से बड़े नेता शामिल होते हैं। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था दसवे नंबर पर थी आज पांचवे नंबर पर है और आने वाले समय मे इसको तीसरे नंबर पर पहुंचाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी ने लिया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में अंधेरा ही अंधेरा था। 2003 के पहले सरकार लापता थी। न कोई बिजली की व्यवस्था थी न लोगों को पानी मिलता था। 2003 में 44 हजार किलोमीटर सड़क थी जो अब 5 लाख किलोमीटर तक हो गई है। पहले सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क पता नहीं चलता था। सिंधिया ने कहा कि आज कांग्रेस जो गारंटी लेकर आई हैं वह लोगों को गुमराह करने के लिए लाई है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले की साईखेड़ा पुलिस एवं परिवहन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ससुंद्रा के पास आरटीओ चेक पोस्ट पर एक ट्रक को रोककर जांच कर करीब 93 लाख रूपए से अधिक की अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी ने आज शाम जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव एवं वीवीआईपी के भ्रमण के मद्देनजर सांईखेड़ा पुलिस एवं परिवहन विभाग संयुक्त रूप से ससुंद्रा के पास आरटीओ बेरियर पर वाहनों को रोककर जांच कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रक को रोककर जांच की तो उसमें 1221 पेटी अंग्रेजी शराब पाई गई। मांगने पर जरूरी कागजात नही बताने पर अंग्रेजी शराब के अलावा ट्रक को भी जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 93 लाख 77 हजार 280 रूपए एंव ट्रक की कीमत करीब 20 लाख रूपए आंकी है।

# दबंगों ने महिलाओं बच्चों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडे से पीटा, आधा दर्जन से अधिक लहूलुहान

कौशाम्बी। (पी एम ए) संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलकरनपुर के मजरा तेलियांन के पूरा में छोटी दीपावली की सुबह-सुबह महिलाओं बच्चों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से दर्जनों दबंगों ने पीटा है काफी देर तक घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा लाठी डंडा कुल्हाड़ी से लैस दर्जनों दबंगों ने ललकार कर महिलाओं बच्चों पर हमला बोल दिया जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक महिलाओं बच्चों समेत आधा दर्जन लोग लहू लुहान हो गए मौके पर चीख पुकार मच गई हो हल्ला सुनकर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई इस हमले में महिलाओ बच्चों समेत लगभग आठ लोगों को गंभीर चोटे आई हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना विधवा सविता देवी ने थाना पुलिस को दिया है खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस ने कठोर कार्यवाही नहीं किया है। घटनाक्रम के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलकरनपुर के मजरा तेलियन के पूरा में छोटी दिवाली शनिवार के दिन सुबह बीरबल की विधवा पत्नी सविता देवी झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर रही थी इसी बीच पड़ोस की मनीषा देवी पत्नी जवाहरलाल ने साफ सफाई का विरोध किया देखते देखते मनीषा देवी के पक्ष से सुनीता रोहित सुभाष मनजीत हीरालाल शिव सुंदर शिव तीर्थ पप्पू बृजेश राम निहोरे मुन्नीलाल लाल जी नितिन आदि लोग लाठी डंडा कुल्हाड़ी लेकर मौके पर एकत्रित हो गए दर्जनों दबंगों ने विधवा महिला सविता देवी को गाली गलौज देना शुरू कर दिया हो हल्ला सुन के गांव के तमाम लोग मौके पर एकत्रित हो गए महिला के परिवार के लोग भी बाहर निकल आए लाठी डंडा कुल्हाड़ी से लैस मनीषा देवी के पक्ष के दर्जनों दबंगों ने सविता देवी के पक्ष के लोगों पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया।

# सेवा संस्था ने दिपोत्सव पर बुजुर्गों को किया सम्मानित

## वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों को जूते, गर्म - ऊनी लोई - शॉल और मिठाई किया वितरित









कपिल शर्मा । गौरवशाली भारत

नाँगल चौधरी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से और आयोजक सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड वेलफेयर एक्टिविटिज़ (सेवा) द्वारा शनिवार को वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र में दिवाली सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेवा संस्थापक जगदेव शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा नाँगल चौधरी भारत विकास परिषद के प्रधान रविंद्र चौधरी और सचिव सत्यवीर स्वामी एवं अन्य गणमान्य स्वजन समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र में पंजीकृत बुजुर्ग एवं आस-पास के गाँवों की बुजुर्ग महिलाओं और वृद्ध पुरुषों को जूते, गर्म वस्त्र ऊनी लोई शॉल और मीठाई वितरित किया गया। 25 बुजुर्गों को सम्मानित करते हुए सेवा संस्थापक जगदेव शास्त्री द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी बुजुर्गों को प्रकाश के महापर्व उपलक्ष्य सभी बुजुर्गों को दिपावली पर विशेष बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

दिवाली पर मिले तोहफ़े से बुजुर्ग पुरूषों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी वहीं वृद्ध महिलाएँ भी दिवाली उपहार प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की।

दिवाली सम्मान समारोह की इस बैठक में बुजुर्गों को दिवाली बाद धार्मिक स्थल की यात्रा के लिए बुजुर्गों के भ्रमण के लिए उनसे सलाह ली गई। सभी बुजुर्गों ने एक ध्वनिमत से भ्रमण के लिए खुशी जाहिर की और अगले हफ्ते यात्रा के लिए दिनांक समय निर्धारित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर सिनियर सीटीजन हॉम के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बुजुर्ग महिलाओं और वृद्ध पुरुषों के सहयोग में पुनित शर्मा, सुमन, गगनदीप, मदन सचदेवा एवं अन्य स्वजन उपस्थित रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का नवयुग अभिनंदनम समारोह मनाया गया

## राबर्ट्सगंज विकास नगर स्थित सेवा केंद्र पर हुआ आयोजन

सोनभद्र। आदि सनातन भारतीय सांस्कृतिक विरासत के उत्कर्ष के लिए वैश्विक स्तर पर सक्रिय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विकास नगर स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र का 22 वा वार्षिकोत्सव नवयुग अभिनंदनम समारोह शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया।



ब्रह्माकुमारीज संस्था विश्व के 140 देशो में 8000 से भी अधिक सेवाकेंद्रो के माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान और राज्योग के माध्यम से संपूर्ण मानवता के दिव्यीकरण का कार्य कर रही है। अति धर्म ग्लानि और महाविनाश की ओर पल-पल अग्रसर हो रहे विश्व के लिए अमृतमय संदेश यह है कि स्वयं निराकार परमात्मा शिव साकार मानवीय माध्यम के द्वारा नई आदि सनातन दैवी संस्कृति के उत्थान का दिव्यकार्य कर रहे हैं ।

मीरजापुर से पधारी बी0के0 बिन्दु दीदी ने कहा की परमात्मा ने आदि सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु नारी शक्ति को ईश्वरीय कार्य के लिए अग्रदूत बनाया है।

वरिष्ठ साहित्यकार और पूर्वचेयरमैन अजय शेखर ने कहा की जीवन में ज्ञान का बोध होना आवश्यक है तभी मनुष्य जीवन में श्रेष्ठ कर्म कर सकता है। हमें पुन: आध्यात्म की ओर लौटना होगा, तभी जीवन सार्थक हो सकता है। साईं हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ अनुपमा सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ने के बाद जीवन के यथार्थ उद्देश्य का बोध हुआ इससे हमारे जीवन में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया। विंध्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंजलि विक्रम सिंह ने कहा कि मनुष्य तन को मानव सेवा के कल्याण में लगाना है। इससे हमारा जीवन सफल हो जाता है।

# मिजोरम विधानसभा चुनाव में 80.66 प्रतिशत मतदान

आइजोल। चालीस सीटों वाली मिजोरम विधानसभा के लिए सात नवंबर को हुए चुनाव और कल हुए पुनर्मतदान के बाद कुल मतदान 80.66 प्रतिशत रहा।

राज्य निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि हालांकि कुल मतदान प्रतिशत का पता तीन दिसंबर को मतगणना के दिन ही चलेगा क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से हुए मतदान में डाक मतपत्र को शामिल नहीं किया जाता है। अधिकारियों ने कहा कि सेवा मतदाताओं के वोट मतगणना के शुरू होने तक प्राप्त हो सकते हैं। आइजोल दक्षिण-3 विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले मुआलुंगथु मतदान केंद्र पर शुक्रवार को पुनर्मतदान हुआ जिसमें मतदान प्रतिशत 87.08 प्रतिशत रहा।

मतदान अधिकारियों द्वारा किए गए मॉक पोल में डाले गए मतों को नहीं हटाए जाने और मतदाताओं द्वारा मतदान के लिए उसी ईवीएम का उपयोग करने के कारण इस मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान किया गया।

इस बीच, अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में संपन्न मिजोरम चुनाव में मताधिकार का उपयोग करने वाली सबसे उम्रदराज मतदाता फामियांगी (115) हैं, जिन्होंने सात नवंबर को लांगतलाई पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंगखुआ मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

पंगखुआ गांव के लोगों ने कहा कि फामियांगी हमेशा से एक उत्साही मतदाता रहे हैं, जो हमेशा सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हैं।





